हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 7 जून 2024


तापमान

अधिकतम 42.3 डिग्री

न्यूनतम 29.3 डिग्री


12 कांग्रेस की हार पर बोले धनेंद्र- बाहरी चेहरा बना...





14 बाघ की धमक से वन्यजीवों के शिकार पर अंकुश...




# पहली बार बच्चे का अंगदान, फुटबाल खेलते हुआ था घायल, ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पहुंचाए गए अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

11 वर्षीय प्रखर दुनिया को अलविदा कहते हुए कई को जिंदगी दे गया। ब्रेन डेड घोषित किए गए प्रखर का अंगदान करने का फैसला उनके पालकों द्वारा किया गया। यह पहली बार है जब छग में किसी बच्चे का अंगदान किया गया।

- अस्पताल में इलाज के बाद 5 जून को ब्रेन डेड घोषित

सातवीं कक्षा के छात्र प्रखर को फुटबॉल का शौकीन था। एक जून का फुटबॉल खेलते हुए फुटबॉल स्टैंड से सिर पर गहरी चोट लग गई थी।

### इन डॉक्टरों की रही भूमिका

एम्स के डॉ. विनय राठौड़, डॉ. अमित आर शर्मा, डॉ. दीपक कुमार बिस्वाल, डॉ. प्रधुम्न यादव, डॉ. सरयू गोयल, डॉ. संदीप महादेव देसाई और उनकी टीम ने 10 साल के बच्चे में अंग प्रत्यारोपण किया। रामकृष्ण से डॉ. नईम, डॉ. अजीत मिश्रा, डॉ. युक्तांश पांडे, डॉ. राजकुमार, डॉ. धीरज, डॉ. हर्ष जैन और डॉ. मलय रंजन के साथ डॉ. संदीप दवे, डॉ. अजय पाराशर, डॉ. प्रवाश कुमार चौधरी, डॉ. संजीव काले, डॉ. श्रुति खड़खेडकर, डॉ. अखिल जैन की टीम ने अंत प्रत्योरोपण में अपनी भूमिका निभाई।

## 1 जून को किया गया था अस्पताल में भर्ती, फुटबॉल स्टैंड से लगी थी चोट



### पुलिस प्रशासन का भी सहयोग

शहर के पुलिस प्रशासन का भी इसमें योगदान रहा। अंग सही समय में जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंच सके, इसके लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। अस्पताल प्रबंधन से सामन्यस्य बैठाते हुए यह पूरी प्रक्रिया पूर्ण की गई। गौरतलब है कि प्रदेश में अब तक सात मृतकों के अंगदान किए जा चुके हैं। इससे अब तक 17 लोगों को नई जिंदगी मिली है। ये सभी व्यस्क थे। इनके अतिरिक्त प्रखर पहला बाल्य मृतक अंगदाता है। इस कदम से कई को जिंदगी की आस बंधी है।

### नया जीवन पाने वालों में 10 वर्षीय बच्चे से लेकर 66 वर्षीय पुरुष तक

इस अंगदान से नया जीवन पाने वालों में 10 वर्षीय बालक से लेकर 66 वर्षीय पुरूष तक शामिल है। रामकृष्ण अस्पताल में 66 साल के पुरुष में लीवर और 43 साल की महिला में किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। वहीं एम्स रायपुर में 10 साल के बच्चे में किडनी लगाई गई।

इसके बाद प्रखर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पांच दिनों तक अस्पताल में इलाज के बाद 5 जून को प्रखर को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। इसके बाद मां मंजू साहू और पिता रमेश साहू ने अंगदान का निर्णय किया।

प्रखर के किडनी, लिवर, कॉर्निया और हार्ट वाल्व से चार लोगों को नई जिदंगी मिली है। प्रखर का इलाज रामकृष्ण हॉस्पिटल में जारी था, जहां उसका लिवर और एक किडनी दान की गई। वहीं एक किडनी एम्स रायपुर पहुंचाई गई। कॉर्निया डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल में और हार्ट वाल्व सत्य साई हॉस्पिटल नवा रायपुर पहुंचाई गई।

## खबर संक्षेप



### संयुक्त टीम ने की बस स्टैंड की जांच

**रायपुर।** भाठागांव स्थित इंटरस्टेट बस टर्मिनल में गुरुवार को पुलिस, परिवहन के साथ नगर निगम की संयुक्त टीम जांच करने पहुंची। टीम ने बस ऑपरेटरों से बात करने के साथ ही अलग-अलग रोडवेज में काम करने वाले कर्मचारियों की जांच की। साथ ही बस ऑपरेटरों को यात्रियों के साथ किसी भी तरह से दुर्व्यवहार नहीं करने की हिदायत दी है। वहीं बस टर्मिनल में नशाखोरी करने वाले तथा असामाजिक तत्वों को किसी भी तरह से प्रश्रय नहीं देने की चेतावनी दी है।

### सीसी लिमिट बढ़ाने के नाम पर 10 लाख ठगे

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक युवती ने अज्ञात मोबाइल धारक तथा दो अन्य के नाम से बैंक क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर नौ लाख 90 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक श्रीराम नगर निवासी अपर्णा ब्रह्मभट्ट ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अपर्णा ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति से उसे कॉल कर उसके आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने तथा अकाउंट सिक्योर करने का झांसा देकर ठगी की है। जालसाज ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके इंस्टालोन की रकम अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर ठगी की है।

### पानी खेत में आने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ बाथरूम का पानी खेत में आने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सेंध निवासी पीलादास कोसले ने संतोष जांगड़े तथा उसके एक साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पीला दास ने पुलिस को बताया कि संतोष ने उस पर आरोप लगाते हुए बाथरूम का पानी अपने खेत में आने की बात को लेकर विवाद किया तथा अपने साथी के साथ मिलकर उससे मारपीट की।


RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION R1

AICTE APPROVED

BBA·BCA

1ST TIME IN CHHATTISGARH

- World Class Education
- Internship In Top MNCs
- Top Industrial Tie-ups

accenture

cognizant

DBS

HCL

90161 13333


ट्रेन रद्द होने के बाद तेज धूप में हर दिन रिफंड लेने पहुंच रहे यात्री

# तीन दिन में 18 ट्रेनों के 48 हजार यात्रियों को लौटाना पड़ा पैसा, सफर करने 'बस' ही विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पटरियों में काम बताकर रेलवे ने सोमवार को 22 से 29 जून तक 18 ट्रेनों को रद्द कर ट्रैक को खाली कर दिया है। अब स्टेशन से यात्री ट्रेनों से ज्यादा मालगाड़ियां गुजरने लगी हैं। ट्रेनों को रद्द किए जाने के बाद अब माल ढुलाई के काम में तेजी देखने को मिल रही है, लेकिन रेलवे के इस फैसले ने यात्रियों को मुसीबत में डाल दिया है। गुरुवार को भी बड़ी संख्या में यात्री रिफंड लेने के लिए आरक्षण भवन पहुंचे। यात्रियों में ट्रेन रद्द होने का आक्रोश साफ दिखाई पड़ रहा था। दोपहर तेज गर्मी के बीच उन्होंने रेलवे से अपना रिफंड तो ले लिया, लेकिन सफर करने की समस्या खत्म नहीं हुई।


हरिभूमि सरोकार

स्पेशल ट्रेनों के रद्द होने के बाद यात्रियों को यात्रा करने दूसरी ट्रेन नहीं मिल पाई। जो ट्रेन उपलब्ध हैं, उनमें भी रेलवे ने सीट फुल होने का हवाला देकर बुकिंग बंद कर दी है। केरल रूट के लिए ट्रेन ही नहीं है। 18 ट्रेनों के रद्द होने से 48 हजार से अधिक लोगों को दिक्कत हुई है। पूर्व तटीय रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार पेयरिंग रैक के अत्यधिक विलंब से चलने के कारण गुरुवार को पुरी से रवाना होने वाली पुरी-उधना समर स्पेशल ट्रेन रद्द रही।

## स्पेशल ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को दूसरी ट्रेन में नहीं मिल रही कन्फर्म सीट

### आरक्षण भवन में रिफंड लेने पहुंचे यात्री

ट्रेन रद्द होने की जानकारी मिलते ही गुरुवार को आरक्षण भवन खुलने से पहले यात्री टिकट का रिफंड लेने पहुंच गए थे। रेलवे अधिकारी के मुताबिक मंगलवार से अभी तक रिफंड लाख रुपए पार कर चुका है। 8 से 10 लाख रुपए तक काउंटर और ऑनलाइन के जरिए पैसे लौटाने की बात कही जा रही है। एक से दो दिनों में रेलवे ऑफिसियल जानकारी देगा। रेलवे को यात्रियों को रिफंड देने में जितना नुकसान हो रहा, उससे अधिक माल ढुलाई किए जाने में फायदा तय है। ट्रैक खाली होने से एक दिन में दो से तीन बार मालगाड़ी राउंड लगाएगी। मालगाड़ी को बार-बार आउटर में रुकना नहीं पड़ेगा।



बसों में बढ़ने लगी भीड़

18 ट्रेनों के रद्द होने के बाद यात्रियों के पास उसी तारीख में सफर करने के लिए बस ही अंतिम विकल्प बच गया है। ऐसे में अब यात्री दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, पंजाब जाने के लिए बस का टिकट बुक करवाने पहुंचने लगे हैं, लेकिन यहां भी यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। बस ट्रेवल्स एजेंसी के अनिरुद्ध अग्रवाल ने बताया, लंबी दूरी के लिए बस यात्रियों में अचानक इजाफा हुआ है। पंजाब व मुंबई जाने वाली बस पैक हो चुकी हैं। ट्रेन रद्द के बाद से लोगों ने सप्ताहभर पहले बस बुकिंग कराई है। बस में सीट कम होने से फैमिली यात्री को टिकट नहीं मिल रहा। ऐसे में दूसरी तारीख में टिकट खरीद रहे हैं।

### 10 लोकल रद्द, 6 दिनों तक गोंदिया और इतवारी जाना होगा मुश्किल

चुनाव के बाद अब फिर रेलवे का पटरियों का काम रफ्तार पकड़ने लगा है। सोमवार को रेलवे ने 18 ट्रेनों को रद्द किया था, जिसके बाद अब लोकल ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। इसकी वजह से छोटी जगहों से शहर की ओर जाने वाले यात्रियों को 7 से 12 जून तक दिक्कत हो सकती है। रेलवे के मुताबिक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर रेल मंडल के सालेकसा-दरेकसा रेल खंड के बीच अप एवं डाउन रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर गर्डर लॉन्चिंग का कार्य किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक गर्डर लॉन्चिंग सावधानी पूर्वक किया जाने वाला कार्य है। इसीलिए ट्रेनों का परिचालन संभव नहीं होता। ट्रेनों के रद्द होने से गोंदिया, इतवारी, बालाघाट जाने वाले यात्रियों को दिक्कत होगी।

- नागपुर रेल मंडल के सालेकसा-दरेकसा रेल खंड के बीच में गर्डर लॉन्चिंग का होगा कार्य

### यह ट्रेन रहेगी रद्द

01. 07 एवं 12 जून को 08741 दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
02. 07 एवं 12 जून 08742 गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
03. 07 एवं 12 जून 08743 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
04. 07 एवं 12 जून 08744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
05. 07 एवं 12 जून 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।


▶▶| शेष पेज 11 पर


सराफा चुनाव में नया मोड़

## सहायक चुनाव अधिकारी इस्तीफा देकर महासचिव का लड़ रहे चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में गुरुवार को एक नया मोड आ गया है। सहायक चुनाव अधिकारी प्रकाश गोलछा ने अचानक अपने पद से इस्तीफा देकर महासचिव का चुनाव लड़ने का फैसला किया और इसके लिए नामांकन फार्म लेने के बाद नामांकन भी जमा कर दिया है। अध्यक्ष पद के लिए अब तक एक ही नामांकन फार्म बिलासपुर के कमल सोनी और कोषाध्यक्ष के लिए हर्षवर्धन जैन ने लिया है। तीनों एक ही एकता पैनल के प्रत्याशी हैं। अब तक कोई दूसरा पैनल सामने नहीं आया है। शुक्रवार को नामांकन फार्म मिलने का अंतिम दिन है। शनिवार तक नामांकन फार्म जमा होंगे।

- अब तक एकता पैनल के ही तीन सदस्यों ने लिए हैं नामांकन फार्म

लंबे विवाद के बाद अब जाकर दो साल विलंब से सराफा एसोसिएशन के चुनाव हो रहे हैं। इसके लिए पांच जून से नामांकन मिलने का क्रम प्रारंभ हुआ है। पहले दिन बिलासपुर के कमल सोनी ने अध्यक्ष और हर्षवर्धन जैन ने कोषाध्यक्ष और महासचिव पद के लिए नामांकन फार्म लिया। गुरुवार को अचानक से सहायक चुनाव अधिकारी रायपुर के प्रकाश गोलछा ने महासचिव पद के लिए नामांकन फार्म लिया। सहायक चुनाव अधिकारी के अचानक चुनाव मैदान में आने को लेकर कई तरह की बातें होने लगीं। ऐसे में प्रकाश गोलछा ने हरिभूमि से बात करते हुए स्पष्ट किया है कि मैंने बुधवार की रात को ही इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने का फैसला कियाा और बिलासपुर के एकता पैनल के साथ मिलकर महासचिव का चुनाव लड़ रहा हूं।

### आज नामांकन फार्म मिलने का अंतिम दिन

चुनाव के लिए नामांकन फार्म मिलने का शुक्रवार को अंतिम दिन है। अब तक सिर्फ तीन ही सदस्यों ने नामांकन फार्म लिए हैं और तीनों ने अपने फार्म जमा भी कर दिए हैं। अगर अंतिम दिन कोई और पैनल सामने नहीं आया और किसी सदस्य ने फार्म नहीं लिया तो संभावना है कि जिन तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया है, उनको निर्विरोध विजेता घोषित किया जाएगा।

## चार और नेक इंसान आए सामने एसएसपी ने किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायलों के लिए 20 मिनट का समय जीवन बचाने के लिए गोल्डन टाइम माना जाता है। इस दौरान घायल को उचित उपचार मिल जाए, तो उसकी जान बचाई जा सकती है। सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने लोगों को प्रोत्साहित करने एसएसपी संतोष सिंह घायलों की मदद करने वालों को हर माह गुड सेमेरिटंस (नेक इंसान) होने का प्रमाणपत्र देते हुए उन्हें सम्मानित करने का कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में पिछले माह मई में घायलों को मदद करने वाले जिले के पांच नागरिकों को एसएसपी ने सम्मानित किया है।

- घायलों की मदद करने वालों का हर माह किया जा रहा सम्मान

राजधानी सहित प्रदेश में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, सड़क दुर्घटना में ज्यादातर घायलों की मृत्यु समय पर उपचार नहीं मिलने की वजह से होती है। सड़क दुर्घटना में घायलों की मृत्यु दर कम करने समय पर उनको उपचार मिलना जरूरी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी ने पहल करते हुए घायलों


▶▶| शेष पेज 13 पर


### इन पांच लोगों को मिला नेक इंसान का सम्मान

- **राजा यदु** - खमतराई में पदस्थ हेड कांस्टेबल जो अपनी बाइक में जाते समय डूंडा के पास मवेशी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया था, उसे अपनी बाइक में ले जाकर एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराकर जान बचाई। घटना 24 मई की है।
- **कामता प्रसाद यादव** - कामता ने 30 मई को गोबरा नवापारा बस स्टैंड के पास सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को डायल 112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया।
- **संदीप साहू** - मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के रिंग रोड तीन में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को डायल 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाने में मदद की थी।
- **सोनू अग्रवाल, रसल सिंह** - सोनू तथा रसल सिंह ने 31 मई को देर रात शंकर नगर एक्सप्रेस वे ओवरब्रिज के पास गंभीर रूप से घायल दो व्यक्ति को उपचार कराने अस्पताल ले जाने डायल 108 को कॉल किया। एंबुलेंस आने में देरी होने पर सोनू तथा रसल ने घायलों को अपनी गाड़ी से उपचार कराने अस्पताल ले जाकर भर्ती कर उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।

स्टील उद्योग की सस्ती बिजली पर लगाम

## अब लोड फैक्टर में 25 नहीं 10 फीसदी की छूट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के स्टील उद्योग को कुछ सालों से लोड फैक्टर के कारण जो घरेलू से भी सस्ती बिजली मिल रही थी, उस पर अब बिजली नियामक आयोग ने लगाम लगा दी है। नए टैरिफ में जहां एक तरफ स्टील उद्योग की बिजली 25 पैसे महंगी की गई है, वहीं लोड फैक्टर के फार्मूले को बदल दिया गया है। इसमें अब पहले जो 25 फीसदी बिजली सस्ती मिल रही थी, उसे 10 फीसदी पर सीमित तक दिया गया है। वैसे छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने तो इसको पांच फीसदी करने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नाराजगी के बाद पॉवर कंपनी ने भेजा था प्रतिशत कम करने का प्रस्ताव


▶▶| शेष पेज 13 पर


### पांच फीसदी करने का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद पॉवर कंपनी ने जब नए टैरिफ के लिए प्रस्ताव भेजा तो उसमें कंपनी ने स्टील उद्योग को लोड फैक्टर में 25 फीसदी सस्ती मिलने वाली बिजली को पांच फीसदी तक करने का प्रस्ताव बिजली नियामक आयोग को दिया। जब नियामक आयोग ने जनसुनवाई की तो इसमें स्टील उद्योगों ने लोड फैक्टर को कम न करने की बात रखी। ऐसे में जब आयोग ने नया टैरिफ एक जून से जारी किया है तो उसमें स्टील उद्योग को अब 10 फीसदी तक लोड फैक्टर का फायदा देने का प्रावधान किया है।

### 4.58 रुपए में मिल रही थी बिजली

लोड फैक्टर के कारण स्टील उद्योग को 6.10 रुपए वाली बिजली 25 फीसदी तक छूट के कारण 4.58 रुपए में मिल रही थी। लोड फैक्टर पहले 63 से 70 प्रतिशत था। यानी 64 प्रतिशत का उपयोग करने वालों को टैरिफ में एक प्रतिशत की छूट मिलती थी, इसी तरह से 70 फीसदी तक उपयोग करने वालों को 8 फीसदी छूट मिलती थी। लेकिन बाद में इसको 50 से 75 प्रतिशत करके 25 फीसदी तक छूट का प्रावधान कर दिया गया। अब लोड फैक्टर 65 से 74 फीसदी कर दिया गया है। यानी 65 फीसदी बिजली के उपयोग पर एक फीसदी और आगे 74 फीसदी के उपयोग पर टैरिफ में 10 फीसदी की छूट मिलेगी।

## क्वींस क्लब में जनप्रतिनिधियों को विशेष छूट, नागरिकों को शुल्क के साथ दोबारा मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अब वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में विभागीय तौर पर क्वींस क्लब का संचालन और संधारण करायेगा। इससे जन प्रतिनिधियों को पहले की तरह इस क्लब में मिलने वाली सुविधाओं की विशेष छूट मिलने लगेगी। इसके साथ ही गणमान्य नागरिकों को शुल्क के साथ विभिन्न तरह की सुविधायें उपलब्ध करायेगा। इसके साथ ही ऐसे लोग जो क्लब के सदस्य बनने इच्छुक हैं, उन्हें सदस्य बनने का मौका भी देगा। इसके लिए क्वींस क्लब के संपर्क किया जा सकता है।

- छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल वैकल्पिक व्यवस्था देने करेगा क्लब का संचालन

दरअसल, राजधानी के वीआईपी रोड स्थित हॉटल बेबीलॉन इंटरनेशनल के पास 2 एकड़ क्षेत्र में पीपीपी मोड के तहत क्वींस क्लब का निर्माण एवं संचालन का


▶▶| शेष पेज 13 पर


### फिर से मिलने लगेगी क्लब में ये सुविधाएं

जिम, स्वीमिंग पूल, रेस्टारेंट, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, स्कवेश, बिलियर्ड, टेबल टेनिस, स्विट एवं डीलक्स कमरे, बैंकट हॉल, बोर्ड रूम की सुविधा।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


## सवारी ढोने वाले मालवाहकों के खिलाफ कार्रवाई



**रायपुर।** मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने की वजह से एक्सीडेंट होने से जान-माल का नुकसान होने की घटनाएं सामने आने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर मालवाहक से सवारी ढोने वाले वाहनों पर कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक मालवाहक वाहनों से सवारी ढोने के आरोप में 12 मालवाहक मालिकों को खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर उनसे जुर्माना राशि वसूल की गई है। साथ ही उन्हें भविष्य में मालवाहक से सवारी नहीं ले जाने की हिदायत दी गई है।


आवश्यकता है

हरिभूमि एवं inh

मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव

सीनियर एक्जीक्यूटिव - 01

एक्जीक्यूटिव - 02

(अनुभवी को प्राथमिकता)

संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें

मार्केटिंग विभाग

9303508130

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

inhnewshr@gmail.com

# अब सभी सरकारी विभागों में आईटी का इस्तेमाल होगा तेज, सरकार ने दिए हैं 266 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के सभी विभागों में अब आईटी (इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी) का इस्तेमाल तेज होगा। राज्य सरकार ने इस काम के लिए 260 करोड़ रुपयों की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने सुशासन लाने के लिए यह कदम उठाया है।

प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं से मॉनिटरिंग से लेकर वित्तीय प्रबंधन करों की वसूली, भूमि संबंधी रिकार्ड के पंजीयन, संधारण और संशोधन सहित सभी जरूरी क्षेत्रों में आईटी का इस्तेमाल होगा।

## एक हजार पंचायतों में हॉट-स्पॉट इंटरनेट, अब डायवर्शन भी होगा ऑनलाइन

### मॉनिटरिंग के लिए अटल डैश बोर्ड

सरकार द्वारा लोगों तक शासकीय योजनाओं की पहुंच का दायरा बढ़ाने के साथ ही प्रशासन को मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए ठोस पहल करने जा रही है। सरकार के बजट में इन सभी विषयों को शामिल किया गया है। जनकल्याणकारी योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए अटल डैशबोर्ड की शुरुआत की गई है।



### बनेगा विश्व स्तरीय आईटी सेक्टर

मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर हाल में ही देश के जाने-माने विशेषज्ञों के साथ आईआईएम रायपुर में दो दिनों तक बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सुशासन तथा नागरिक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी उपायों का चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में रायपुर-भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों के स्टेट कैपिटल के रूप में विकसित कर विश्व स्तरीय आईटी सेक्टर तैयार करने का लक्ष्य है। सभी विभागों में आईटी के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए 266 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### नवा रायपुर में आईटी पार्क

नवा रायपुर, अटल नगर में "लाईवलीहुड सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस" एवं दुर्ग जिले में "सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप" स्थापित करने का लक्ष्य है। स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए इन्यूबेशन सेंटर की स्थापना तथा बी.पी.ओ. एवं के.पी.ओ. को आकर्षित करने के लिए आई.टी. पार्क की स्थापना की भी योजना है। नवा रायपुर में आईटी आधारित रोजगार सृजन हेतु 'प्लग एण्ड प्ले' मॉडल का विकास किया जायेगा, इससे आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन के नये अवसर विकसित होंगे।

### नगरीय निकायों में ई-गवर्नेंस

बजट में छत्तीसगढ़ सेंटर फॉर स्मार्ट गवर्नेन्स की स्थापना सहित प्रदेश के 168 नगरीय निकायों में ई.गवर्नेन्स के तहत बजट एण्ड अकाउंटिंग मॉड्यूल स्थापित करने के प्रावधान शामिल किए गए हैं। 47 नगरीय निकायों में प्रॉपर्टी सर्वे किये जाने के लिए जीआईएस आधारित सॉफ्टवेयर तैयार किया जायेगा। शासकीय धन के आय.व्यय की दैनिक निगरानी के लिए एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस 2.0) प्रारंभ की जायेगी।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से मिले बृजमोहन

**रायपुर।** प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से रायपुर के नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इससे पहले श्री अग्रवाल ने राजधानी स्थित दूधाधारी मठ पहुंच कर प्रभु श्री राम-माता जानकी और भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की। श्री अग्रवाल ने महंत रामसुंदर दास से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। श्री अग्रवाल ने रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी से भी उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

### मोतीलाल, भूलन सिंह रोगी पशु कल्याण समिति के सदस्य मनोनीत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू एवं प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी को राज्यस्तरीय पशु चिकित्सालय रायपुर के रोगी पशु कल्याण समिति का सदस्य मनोनीत किया है। यह समिति पशुधन के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करती है। इसका उद्देश्य पशुधन को उसका सर्वश्रेष्ठ जीवन जीने का हक प्रदान करना है।

### आदर्श आचार संहिता हटी

**रायपुर।** देशभर में लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद अब लोकतंत्र का महापर्व का कार्यक्रम पूरा हो गया है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता 83 दिनों बाद हट गई। भारत चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के अंतर्गत प्रभावशील आदर्श आचार संहिता को समाप्त करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। भारतीय चुनाव आयोग ने 16 मार्च को आचार संहिता के नए नियमों का ऐलान किया था। चुनाव प्रक्रिया में न्यायपूर्णता, निष्पक्षता और समानता को सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से आचार संहिता लागू की गई थी, जो अब समाप्त कर दी गई है।

## सीजे के निर्देश पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के निर्देशानुसार रिट, क्रिमिनल अपील, क्रिमिनल रिवीजन, अवमानना प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों में औचित्यहीन लंबित प्रकरणों का चिन्हांकन कर सूचीबद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। प्रकरणों का भौतिक सत्यापन जिला न्यायालय बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग में, पदस्थ, 40 न्यायिक अधिकारियों एवं उच्च न्यायालय स्थापना में पदस्थ लगभग 36 अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्य के 21 वें दिन गुरूवार को मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपरोक्त कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसके दौरान मुख्य न्यायाधीश द्वारा उच्च न्यायालय में चल रहें उच्च न्यायालय के भवन के आधारभूत संरचना के नवीनीकरण के कार्य प्रगति की समीक्षा की। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में 13 मई से 07 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश है, इस दौरान मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के निर्देशानुसार औचित्यहीन लंबित प्रकरणों का भौतिक सत्यापन, निराकृत प्रकरणों का डिजीटल माध्यम अर्थात स्कैंनिग उपरान्त भौतिक सत्यापन, एवं उच्च न्यायालय के भवन के आधारभूत संरचना के नवीनीकरण के कार्यों को किया जा रहा है।

### बाहरी चेहरे को बतौर प्रत्याशी चुनाव मैदान पर उतारना मुद्दा बना

# कांग्रेस की हार पर बोले धनेंद्र- बाहरी चेहरा बना मुद्दा, हार की होनी चाहिए समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ में भाजपा को 10 और कांग्रेस को एक सीट मिली। वहीं पिछले चुनाव में 2 सीटें जीतने वाली कांग्रेस को चुनाव में सिर्फ कोरबा सीट से जीत मिली है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक धनेंद साहू ने प्रत्याशियों के गलत चयन को कांग्रेस की इस हार की वजह बताया है। लोकसभा के नतीजों पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद साहू ने कहा, इस हार की समीक्षा होनी चाहिए। हमारी चुनाव में बड़े चेहरों को लड़ाने पर सहमति बनी थी, लेकिन कोई व्यक्ति बाहर से जाकर चुनाव लड़े, इसे लेकर सहमति नहीं थी। बाहरी चेहरे को बतौर प्रत्याशी चुनाव मैदान पर उतारना मुद्दा बना, इसकी समीक्षा होनी चाहिए। दुर्ग लोकसभा से चार से पांच लोगों को जगह मिली थी, लेकिन हम वहीं से इतनी बुरी तरह से हार गए। कोरबा की वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत ने भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय को हराकर यहां से जीत हासिल की।



### बगावत के डर से हड़बड़ी में शपथ ग्रहण

लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण को लेकर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने कहा, यह पहली बार हो रहा है कि इतनी हड़बड़ी में कोई प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह हो रहा हो। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, लगता है कि उन्हें अपने लोगों पर भरोसा नहीं है। कहीं कोई बगावत न हो जाए, इस डर से वो शपथ की हड़बड़ी कर रहे हैं।

### जातिगत समीकरण देखकर टिकट बांटे फिर भी फेल

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने जातिगत समीकरण के आधार पर टिकट का बंटवारा किया था, लेकिन कई सीटों पर उसे हार का सामना करना पड़ा। इस पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद साहू ने कहा, सोशल इंजीनियरिंग का ध्यान तो रखा जाता है, लेकिन केवल जाति के लेवल पर किसी को टिकट नहीं देना चाहिए। यह भी देखना चाहिए कि उस व्यक्ति की समाज में कितनी स्वीकार्यता है, हालांकि, हार के और भी कई कारण होते हैं।

### यह पार्टी का मामला, भाजपा को बोलने का हक नहीं

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर मंत्री रामविचार नेताम ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा था कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का लीडर कौन है पता नहीं, पर कांग्रेस की हार का जिम्मा लेने वाला कोई नहीं है। उनके इस बयान पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद साहू ने कहा कि यह हमारी पार्टी का मामला है, उन्हें बोलने का कोई हक नहीं है।

### छत्तीसगढ़ और एमपी के परिणाम निराशाजनक

कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की चुनाव में सफलता को लेकर प्रदेश अध्यक्ष धनेंद साहू ने कहा, हमें राष्ट्रीय स्तर पर अच्छी जीत मिली है। यह खुशी का मौका है। हालांकि, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के परिणाम निराशाजनक रहे। कभी यहां की सभी सीटें हमारी होती थीं, लेकिन अब एक सीट भी नहीं मिली, यह दुख का विषय है।

## भूख हड़ताल पर बैठे छात्र, देर रात तक साइंस कॉलेज में डेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

साइंस कॉलेज सहित प्रदेश के अन्य ऑटोनॉमस महाविद्यालयों के छात्र भूख हड़ताल पर चले गए हैं। छात्रों ने यह भूख हड़ताल मांग पूरी होने तक जारी रखने का फैसला किया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्रों द्वारा यह भूख हड़ताल की जा रही है। भूख हड़ताल पर एक दर्जन से अधिक गुरुवार सुबह से बैठे हुए हैं। उन्हें अन्य विद्यार्थियों का भी सहयोग मिल रहा है। छात्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक कक्षाओं में लागू किए गए चार वर्षीय सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली के प्रावधानों के विरोध में हड़ताल कर रहे हैं।

### यह है नियम

नियम के मुताबिक, छात्रों द्वारा प्रथम से तृतीय सेमेस्टर तक सभी विषयों की परीक्षा पूर्ण रूप से उत्तीर्ण करने पर ही उन्हें चतुर्थ सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाएगा। यदि किसी एक भी विषय में बैक अर्थात पूरक की स्थिति रहती है तो छात्रों को चतुर्थ सेमेस्टर में बैठने नहीं दिया जाएगा। छात्रों का कहना है कि इससे उनका एक वर्ष बर्बाद हो जाएगा। रायपुर महानगर मंत्री प्रथम राव फूटाने ने कहा, प्रशासन अंधी हो गई है। उन्हें छात्रों की समस्या दिखाई नहीं दे रही है। साइंस कॉलेज के विद्यार्थी आशीष सिन्हा ने कहा, विद्यार्थी का अगर एक साल पढ़ाई छूट जाता है तो कई विद्यार्थी पढ़ाई करना ही बंद कर देते हैं।



## खबर संक्षेप

### गायत्री शक्तिपीठ में कन्या कौशल शिविर कल होगा

**आरंग।** गायत्री शक्तिपीठ आरंग में 08 जून को एक दिवसीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में प्रशिक्षित बहनों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक होगा।

### नाली का पानी घरों में घुस रहा, लोग परेशान

**तिल्दा नेवरा।** बरसात के पहले वार्ड क्रमांक 20 के नागरिक खासे हलाकान और परेशान हैं, यहां पर बता दें कि नाले का गंदा पानी कई लोगों के घरों में घुस रहा है, भारी अनियमितताएं वार्ड नंबर 20 पर निर्मित है, एक बिजली का पोल महीनों से गिरा पड़ा है जिसके अंदर लगे लोहे के तार बाहर हैं जिससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है इसके बावजूद इस पोल को वहां से नहीं हटाया जा रहा है। इसी तरह से बरसात के पहले कुछ दिनों पूर्व हुए एक दिन की बारिश से नालियां जाम हो गई है साथ ही नाली का गंदा पानी कुछ लोगों के घरों में भी जाकर घुस रहा है, बरसात के पहले यह हाल है तो बरसात में क्या होगा यह सोचकर नागरिक भी काफी हलाकान परेशान है, साथ ही अतिशीघ्र इसके निराकरण की मांग नागरिकों द्वारा की गई है।

### कोरासी में महादेव मंदिर के लिए किया शिलान्यास



**आरंग।** ग्राम कोरासी में भगवान शिव जी के मंदिर निर्माण हेतु शिलान्यास युवा नेता खिलेश देवांगन द्वारा किया गया। इस अवसर पर खिलेश देवांगन ने कहा की मन मे आस्था और विश्वास ही लोगो अध्यात्म से जोड़ता है। हिन्दू सनातन धर्म मे 33 कोटि देवता मे देवो के देव महादेव प्रमुख है। उनके मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ परंपरागत रुप से पूजा–अर्चना कर गया। इस धार्मिक पुण्य कार्य में गांव के सभी समाज प्रमुखों एवं स्थानिक जनप्रतिनिधियों ने बढ–चढकर हिस्सा लिया। साथ ही लोगो मे महादेव के प्रति आस्था देखने को मिला। इस दौरान भागीरथी देवांगन पूर्व सरपंच कोरासी, किशोर बंजारे सरपंच प्रतिनिधि, खिलेश चेलक पूर्व सरपंच, सोहन साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज आरंग, राकेश पटेल पूर्व जनपद सदस्य, मन्नू धुरव पूर्व सरपंच, शंकर देवांगन, संतराम देवांगन उपसरपंच कोरासी, तिलक साहू, भागवत साहू, दुकल्हा देवांगन, पीताम्बर धीवर, प्रीतम साहू अध्यक्ष साहू समाज कोरासी, सोमनाथ पटेल, अश्वनी देवांगन, टिकेश्वर वर्मा, लक्ष्मी नारायण देवांगन, पवन वर्मा, पुरोहित राजेन्द्र तिवारी अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्रवाई : हरिभूमि की खबर पर लगी मुहर, अवैध प्लाटिंग रोकने लगातार की जाएगी कार्रवाई**

# चरौदा की अवैध प्लाटिंग पर राजस्व विभाग का बुलडोजर, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा में लोक सभा चुनाव के दौरान आचार संहिता को अवसर बना कर जम कर अवैध प्लाटिंग कर रहे थे। बता दे कि अवैध प्लाटिंग और हाइवे के आसपास की कृषि जमीनों पर भू माफियो की मनमानी चल रही है जंहा दर्जन भर भू माफियो के द्वारा अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है जिस पर गुरुवार को धरसींवा तहसीलदार ने ग्राम पंचायत चरौदा के खसरा नंबर 338/1 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला कर कार्रवाई की गई। अवैध प्लाटिंग की खबर को हरिभूमि ने लगातार प्रकाशन किया था।

बता दे कि पिछले समय ही जिला कलेक्टर ने सभी एसडीएम तहसीलदार, सीएमओ एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लग गई थी जिसका जम कर फायदा उठाते हुए भू माफियो की सक्रियता बढ़ गई थी।गुरुवार को राजस्व विभाग के अधिकारी एक्शन मोड में आ गए। धरसींवा के बाजू ग्राम चरौदा अंतर्गत खसरा नंबर 338/1 अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन का बुलडोजर चला।





दरअसल धरसींवा, चरौदा में अवैध प्लाटिंग का कारोबार बेखौफ हो रहा है। शासन - प्रशासन के सारे नियमों को ताक पर रखकर यहां खेत खलिहान की आवासीय प्लाट के रूप में खरीदी बिक्री हो रही है। स्थिति यह है कि धरसींवा के आसपास इलाकों में रोज कहीं ना कहीं कालोनी का नक्शा खींचा जा रहा है। ब्लाक मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में इन दिनों अवैध प्लाटिंग का कारोबार जोर - शोर से हो रहा है। तहसील सहित अन्य नगरीय निकाय क्षेत्रों व आस पास के गांवों में बड़े स्तर पर अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है।

#### कायदा कानून दरकिनार

बिल्डर रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (रेरा) को दरकिनार कर प्लाट बेच रहे हैं। शहर व आसपास के गांव से लगे खेतों की बिक्री आवासीय प्लाट के रूप में बेधड़क हो रही है। खेतों को प्लाटिंग करने वाले लोग पहले कच्ची सड़क तैयार करते हैं इसके बाद वहां अपने तरीके से प्लाटिंग करते है। कृषि योग्य भूमि को प्लाट के रूप में विकसित कर खरीदी बिक्री के लिए नियमानुसार डायवर्सन करना पड़ता है। एक से अधिक प्लाट काटने के बाद नियमानुसार कालोनाइजर एक्ट के तहत सभी औपचारिकता पूरी करने के बाद उसकी खरीदी बिक्री होनी चाहिए, लेकिन, बिना पंजीयन के ही न केवल आवासीय कालोनी बन रहे हैं बल्कि खेत खलिहान का धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग भी हो रही है। वहीं ब्लाक में ऐसी कई कालोनियां हैं जिनके अवैध प्लाटिंग के मामले विभागों में लंबित हैं। छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (रेरा) के नियमानुसार किसी भी बिल्डर को जमीन की प्लाटिंग करने से पहले रेरा में रजिस्टेशन कराना अनिवार्य है।

#### बुलडोजर चला

ग्राम चरौदा में एक बिल्डर द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग कर रहा था जिस पर बुलडोजर चला कर प्रतिबंध लगाया गया है और भी जगहों पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगा।

-जयेन्द्र सिंह, तहसीलदार धरसींवा

## बृजमोहन ने लोस में जीत का बनाया रिकार्ड, देश के टाप टेन में हैं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



लोकसभा चुनावों में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिसकी बदौलत लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। छत्तीसगढ़ में भी भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 सीटों में से 10 पर कब्जा जमाया है। वही रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने रिकार्ड मतों के जीत हासिल कर भारी मतों से जितने वालो में देश के टॉप 10 सांसदों में जगह भी बनाई है। भाजपा पार्टी के इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे पार्टी के कार्यकर्ताओ का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस बार आरंग विधानसभा क्षेत्र के युवा विधायक गुरु खुशवंत साहेब को लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के साथ–साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाने की जिम्मेदारी मिली थी। गुरु खुशवंत साहेब ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया और उनके द्वारा जिन लोकसभा क्षेत्रें में भाजपा के पक्ष में जनसंपर्क किया गया वहां से सभी भाजपा प्रत्याशियों ने बड़ी जीत दर्ज की है। आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने छत्तीसगढ़ में रायपुर लोकसभा के अलावा राजनांदगांव, दुर्ग, महासमुंद, जांजगीर में लगातार पार्टी के पक्ष में जनसंपर्क किया, इन सभी जगहों में भाजपा प्रत्याशियों ने कांग्रेस के बड़े चेहरों को मात दी। जांजगीर लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थी जहां भाजपा ने महिला प्रत्याशी कमलेश जांगड़े को मैदान पर उतारा वही कांग्रेस ने पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया को टिकट दी थी। जांजगीर लोकसभा पर गुरु खुशवंत साहेब की तगड़ी पकड़ थी, उन्होंने वहां लगातार भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया। साथ ही पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया को विधानसभा चुनाव में हराने वाले आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने अपना गुरुमंत्र भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े को दिया। इसी का नतीजा रहा कि जांजगीर लोकसभा की सभी 08 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस विधायक होने के बाद भी कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.शिवकुमार डहरिया को हार का मुंह देखना पड़ा। देश की जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है।

## अवैध उत्खनन को फौरन रोकने, सौंपा एसडीएम को ज्ञापन, कार्रवाई के लिए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर

अभनपुर क्षेत्र ग्राम टेकारी के बड़ी संख्या मे गांव के आम नागरिक व स्थानीय जनप्रतिनिधि गांव मे हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर एसडीएम रवि सिंह को लिखित ज्ञापन के साथ ही ग्रामीणो ने अवैध उत्खनन मे संलिप्त सरपंच एवं सचिव के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग किया। ग्रामीणो ने बताया कि विगत 3-4 माह से सरपंच द्वारा गांव वालो के बिना सहमति अवैध उत्खनन करवाया जा रहा है। ग्रामीणो द्वारा अवैध उत्खनन मे लगी जेसीबी को भी खड़ा करके रखा गया है फिर भी न ही खनिज विभाग और न ही राजस्व विभाग का कोई व्यक्ति जांच के लिए अभी तक नही पहुंचा है इस बात को लेकर शासन प्रशासन के प्रति लोगो मे भारी नाराजगी देखने को मिली। उपस्थित ग्रामीणो ने बताया कि शिकायत के बाद भी ग्राम पंचायत के बिना सहमति सरपंच एवं सचिव द्वारा एनओसी दे दी गई गांव के निस्तारी तालाबो को 25-30 फीट गहरी खुदाई से बरसात के दिनो मे जान-माल का खतरा होगा लगातार शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नही होने पर एक सप्ताह बाद उग्र आंदोलन की चेतावनी ग्रामीणो द्वारा दी गई है।

इस संबंध मे एसडीएम रवि सिंह ने खोरपा तहसीलदार सत्येन्द्र शुक्ला को स्थल जांच कर तत्काल रिपोर्ट देने की निर्देश दिये है एवं अवैध उत्खनन के मामले मे कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि अधिकांश जगहो मे सरपंचो की संलिप्तता के चलते उत्खनन हो रहे है एवं ऐसे मामलो मे सरपंच के विरूद्ध भी धारा 40 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## शनि जन्मोत्सव के भंडारे में श्रद्धालु ने पाया प्रसाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

आरंग में गुरुवार को शनि जन्मोत्सव के अवसर पर जगह–जगह भोग भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें नेताजी चौंक लोधी स्कूल के समीप स्थापित शनि मंदिर में विशाल भोग भंडारा में हजारों श्रद्धालुगण उपस्थित होकर भोजन प्रसादी ग्रहण किया। वहीं न्याय के देवता भगवान शनिदेव मंदिर में प्रातः से ही श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में शनि मंदिरों में पहुंचकर भगवान शनिदेव की पूजा अर्चना व सरसों तेल से अभिषेक कर प्रार्थना किए। वहीं भोग भंडारे के आयोजन संयोजन में समस्त नगरवासियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों की सहभागिता रही।

## सुहागिनों ने वट सावित्री पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा शहर व छेत्र में सुहागिन महिलाओं ने आज वट सावित्री की पूजा की। ज्येष्ठ अमावस्या को वट सावित्री व्रत परंपरागत रूप से आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। महिलाओं ने आज व्रत रखकर पूरे विधि विधान पूर्वक वट वृक्ष की पूजा की एवम पति की लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की।



महिलाएं कई प्रमुख मंदिरों एवं बरगद के पेड़ के नीचे पहुंचीं और वटवृक्ष की पूजा अर्चना करते हुए जल, अक्षत, कुमकुम से पूजा अर्चना की। इसके बाद लाल मौली धागे से वृक्ष के चारों और घूमते हुए सात बार परिक्रमा लगाते हुए महिलाओं द्वारा सावित्री की कथा भी सुनी गई।

#### महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की, व कथा सुनी

आरंग। राजा मोरध्वज की पौराणिक ऐतिहासिक धर्म नगरी आरंग में बट सावित्री व्रत कथा के लिए महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। महिलाएं ब्रह्म मुहूर्त में उठकर श्रृंगार सहित अपने सुहाग की लंबी उम्र सलामती के लिए बरगद के वृक्ष के तले पूजा की थाली में बांस का पंखा, लाल कलावा, सुहाग का सामान, धूप, दीप घी आदि के सहित माता सावित्री एवं सत्यवान की पूजा करती हुई बट वृक्ष पर कलावा बांध परिक्रमा करती हुई दिखी। पौराणिक कथा के अनुसार माता सावित्री ने अपने सतीत्व शक्ति के बल पर यमराज से भी छीन कर अपने पति सत्यवान को सही सलामत वापस ले आई थी इसलिए इस व्रत के प्रति महिलाएं विशेष श्रद्धा रखती हैं।

## रग्बी फुटबॉल के लिए 14 खिलाड़ियों का चयन

**आरंग।** रायपुर में अयोजित 7वीं ओपन राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल चैपियनशिप में आरंग रग्बी फुटबॉल क्लब से 14 खिलाड़ियों का चयन हुआ। जिसमें जूनियर बालक वर्ग में जयप्रकाश लोधी, राहुल पटेल, वैभव निषाद राज, चंद्रप्रकाश लोधी, गुलशन धुरंधर, जूनियर बालिका वर्ग में शोभा लोधी, गुंजन वर्मा, तुलसी सोनवानी, बिंदु लोधी, वंदना साहू, सीनियर पुरुष वर्ग में सोमनाथ लोधी, हिमांशु लोधी, सीनियर महिला वर्ग में दीपा अजगरा, गायत्री मिर्धा का चयन हुआ। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर आरंग के जनप्रतिनिधि के.के. भारद्वाज, विनोद साहू, खूबचंद साहू, गुलशन साहू,



आरंग युवा एवं खेल संगठन संरक्षक योगेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष अमन साहू, उपाध्यक्ष लोकेश साहू, आरंग रग्बी फुटबॉल क्लब से नरेंद्र निर्मलकर सहित खिलाडियों ने उन्हे बधाई दी।

## सतनामी महिला समिति ने पर्यावरण दिवस मनाया



**आरंग।** एकता सतनामी महिला समिति आरंग ने पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाने एवं प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों को निभाते हुए समिति के सदस्यों ने अपने–अपने घरों एवं गांवो में आस–पास खाली जगह में फलदार, फूलदार एवं औशधि वाले पौधों का रोपण किया और इन पौधो को देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया तथा लोगो को भी पर्यावरण की महत्ता को समझाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण करने के लिए जागरुक किया। वृक्षारोपण के पुण्य कार्य में समिति के सदस्य संगीता पाटले, डंबे"वरी कोशले, गोमती राजेत्री, विभा बंजारे, सुशीला गिलहरे, हेमा बंजारे, भारती टोण्डरे, गोदावरी कोसले, भुने"वरी बंजारे, मीना कोसले, द्रोपत बाघमार, तनुजा पुरैना, सुनीता सुरतांगे, रुखमणी टण्डन, अंजुलता टण्डन, निधी राजेत्री, निधि पाटले, लोके"वरी कोसले, चांदनी गिलहरे, प्रमोद कोसले, पंकज गिलहरे, गिरधर कोसले आदि उपस्थित थे।

### // शपथ पत्र //

मैं विजय कुमार कुर्म उम्र 68 वर्ष पिता- श्री बाबूलाल कुर्म निवासी- म.न. 54/431, शिक्षक कालोनी डगनिया रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि :-

1. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है जो सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरे सभी दस्तावेजों मे मेरे पिता का नाम बाबूलाल कुर्म दर्ज है।
3. यह कि, तथा मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेज तथा अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम बाबूलाल दर्ज है।
4. यह कि, इस प्रकार बाबूलाल कुर्म एवं बाबूलाल दोनो नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिता के स्वयं का ही है इस संबंध में भविष्य मे किसी प्रकार के वाद विवाद के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. यह कि, वर्तमान में मुझे अपने समस्त दस्तावेजों में मेरे पिता क पूरा एवं सही नाम बाबूलाल कुर्म दर्ज करने एवं मेरे पिता के इसी नाम को मेरे समस्त दस्तावेजों मे मान्य किये जाने हेतु यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**सत्यापन :-**

मैं विजय कुमार कुर्म यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से लेकर 5 तक लिखी हुई सभी बाते सत्य एवं सही है।

**शपथकर्ता**
**विजय कुमार कुर्म**

### -:: उद्घोषणा ::-

क्रमांक 7816 / आर.सी./रा.वि.प्रा./2024

रायपुर, दिनांक 28/05/24

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री **कृष्ण मोहन पाण्डे पिता श्री राम अनुज पाण्डे** को ब्लॉक 19 में भूखण्ड क्रमांक SS1-77 क्षेत्रफल 215 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ............ को जारी ।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता **रामजी धीवर, पिता घासुराम, जाति ढीमर (अ.पि.व.), निवासी वार्ड क्र. 03, वीरनारायण सिंह, आमदी, तहसील व जिला धमतरी छ. ग.** के हक एवं स्वामित्व की कृषि भूमि वाके मौजा आरंग, प.ह.नं. 54, रा. नि.म. व तह. आरंग, जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि **खसरा नंबर 3714/1/क, शामिल खसरा नंबर 3715 /1-2/ क रकबा 0.0460 हे.** अर्थात कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.0460 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि प्रदान किया जा चुका है व बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत रजिस्ट्री कराया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त कास्तशुदा भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति, साहूकार, बैंक, संस्था, निकाय, मण्डल, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था को उक्त संव्यव्हार पर कोई उजरदावा या आपत्ति हो तो नीचे लिखे पते पर मय संपूर्ण दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति 07 (सात) दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने म्याद विक्रय पत्र की लिखा पढ़ी एवं रजिस्ट्री कर ली जावेगी। उक्त स्थिति में प्राप्त आपत्ति पूर्णतः नाजायज व शून्य करार दी जावेगी।

सो सूचना जाने।

आरंग, रायपुर छ.ग.
दिनांक - 04.06.2024

**भवदीय**
**कमल नारायण शुक्ला**
**नोटरी / अधिवक्ता**
**पता- तहसील कार्यालय आरंग, जिला रायपुर छ.ग.**
**मो. न. 99261-44674**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

प्र.क्र.//अ-6(अ)/2023-2024
ग्राम डूण्डा, प.ह.नं.-72

रायपुर दिनांक 24/5/2024

**// ईश्तहार // /**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. दिनेश लाल पिता गंगाराम निवासी संतोषी नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर ने ग्राम डूण्डा प.ह.नं.0 72 तहसील व जिला रायपुर स्थित उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 309/3 आनलाईन में 309/1 के स्थान पर दर्ज हो गया है। उक्त त्रुटि का सुधार करते हुये खसरा नंबर 309/3 के स्थान पर 309/1 दर्ज किया जाना है। जिसे नक्शा सुधार किये जाने हेतु छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 107 (5) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07/06/2024 को होगी।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 7/06/2024 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 24/5/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अति. तहसीलदार,**
**रायपुर (छ.ग.)**

## पेज 11 के शेष

### यह ट्रेन रहेगी...

06. 07 एवं 12 जून 08712 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
07. 07 एवं 12 जून 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
08. 07 एवं 12 जून 08714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
09. 07 एवं 12 जून 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
10. 07 एवं 12 जून 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

### क्वींस क्लब में जन...

कार्य छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने एमीनेंट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा था। अनुबंधित एजेंसी द्वारा क्वींस क्लब ऑफ इंडिया के संचालन में अनुबंध की कई शर्तो का उल्लंघन किये जाने की स्थिति में हाउसिंग बोर्ड ने 15 मार्च 2024 को अनुबंध निरस्त करते हुए 17 मार्च को क्लब का आधिपत्य अपने हाथ में ले लिया। विदित हो कि विशेष आवासीय योजना के अंतर्गत क्वींस क्लब ऑफ इंडिया योजना में योजना के 108 आवंटित जन प्रतिनिधियों को विशेष छूट के साथ क्लब में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इसी तरह शहर के गणमान्य नागरिकों को निर्धारित शुल्क के साथ क्लब में विभिन्न सुविधाएं दी गई थीं, पर क्लब का संचालन बंद होने से जन प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों को असुविधा होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। इसके तहत क्लब का संचालन और संधारण विभागीय रूप से शुरू किया गया है।

### अब लोड फैक्टर में...

नियामक आयोग ने उसको न मानते हुए 10 फीसदी तक छूट देने का प्रावधान कर दिया है। इस मामले में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नाराजगी जताई थी, तब जाकर पॉवर कंपनी ने लोड फैक्टर के लिए नया प्रस्ताव दिया था। प्रदेश के स्टील उद्योग को लोड फैक्टर के कारण घरेलू उपभोक्ताओं से भी सस्ती बिजली मिल रही थी। इस सस्ती बिजली के खिलाफ पुराने अफसरों ने मोर्चा खोल रखा था। लेकिन इनकी सुनी ही नहीं जा रही थी। बीते साल जब प्रदेश में सरकार बदली और ऊर्जा विभाग को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने पास रखा तो उनके सामने स्टील उद्योग को लोड फैक्टर के माध्यम से सस्ती बिजली मिलने की बात आई। इसके बाद उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए इसको ठीक करने के निर्देश दिए थे।

### चार और नेक इंसान...

की मदद करने वालों को सम्मानित करने का कार्य कर रहे हैं। घायलों की मदद करने वालों के सम्मान में थानों के अलावा शहर के प्रमुख चौराहों पर पोस्टर भी लगाया जा रहा है। एसएसपी ने शहर के युवाओं से घायलों की जान बचाने उनकी मदद करने की अपील की है।

Health Town
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रुकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रुकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN Nursery to 12th (Biology, Maths, Commerce) Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes • Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal Attention on each students • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90% • Robotics and Science laboratory • Sports and Curriculum Activities
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 0771-4000123, 9425214413, 9329621221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN Nursery to 12th Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
• Extra curricular activities • Personal attention to each student Limited student in each class • Music, Dance, personality development classes • Yoga • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) 0771-4013336, 9425214413, 9329621221 Email:- rpsraipur123@gmail.com

**खबर संक्षेप**

## प्रेस क्लब के संविधान में संशोधन के लिए मांगे सुझाव

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब के संविधान में आवश्यक संशोधन किया जाना है। इसके लिए संविधान संशोधन कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की पहली बैठक गुरुवार को दोपहर 12 बजे प्रेस क्लब सभाकक्ष में रखी गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया, कमेटी ने अपनी पहली बैठक में निर्णय लिया कि संविधान संशोधन के लिए सर्वप्रथम सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए जाएं। इसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाए। संविधान संशोधन से पूर्व सदस्यों की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव दिए जा सकते हैं। इससे संशोधन में आसानी होगी। कमेटी ने प्रेस क्लब सदस्यों से 7 से 13 जून तक लिखित में सुझाव आमंत्रित किए हैं। प्रेस क्लब सदस्य निर्धारित तारीख तक दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक अपने सुझाव प्रेस क्लब कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त सुझावों पर कमेटी की अगली बैठक पर विचार किया जाएगा।


**निधन**

### द्रौपदी बाई वलीरामानी



**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर निवासी द्रौपदी बाई वलीरामानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 जून को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे मुकेश वलीरामानी की माता थीं।

### जयकिशन बजाज



**रायपुर।** कोटा निवासी जयकिशन बजाज का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 जून को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय, राजा, दिलीप, मुकेश, नरेश, विनोद, बंटी बजाज के भाई थे।

### कौशल्या देवी मंगवानी



**रायपुर।** महावीर नगर अमलीडीह निवासी कौशल्या देवी मंगवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 जून को सुबह 10 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्रकाश चंद मंगवानी के पत्नी और अनिल, सुनील, महेश, रवि ,मनोज, किशोर, दिलीप, विजय, राजा, अशोक, मोंटू मंगवानी की माता थीं।

### आरती तिवारी

**रायपुर।** ब्राह्मणपारा निवासी आरती तिवारी का 6 जून को निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 7 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे डॉ. अश्वनी तिवारी की पत्नी और शेफाली, श्रीष तिवारी, श्रेष्ठा, आशीष शर्मा की माता एवं महेंद्र शर्मा की भाभी थीं।

# दो बार से फेल हो रहा हूं, आप नंबर क्यों नहीं बढ़ाते? पीएचडी में मेरा दाखिला करवा दीजिए...

- प्रवेश परीक्षाओं की तारीख में रविवि ने किया परिवर्तन

**रविवि छात्रदर्शन : अजीबो-गरीब फरियाद लेकर कुलपति के पास पहुंचे छात्र**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि में गुरुवार को छात्रदर्शन आयोजित किया गया। यहां वैसे तो सिर्फ पांच ही मामले आए, लेकिन जो मामले आए, वे इतने अजीबो-गरीब मांग वाले थे कि कुलपति सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी अपना सिर पकड़कर बैठ गए। सभी पांच मामले परीक्षा परिणाम और प्रवेश संबंधित प्रक्रियाओं को लेकर थे। एलएलबी चतुर्थ वर्ष के छात्र की शिकायत थी कि वह दो बार से फेल हो रहा है। उनसे खुद को पास करने की मांग करते हुए परीक्षाओं में दिए जाने वाले अंकों पर सवाल किए। एक अन्य छात्र ने मांग करते हुए कहा कि उसे उत्तरपुस्तिका में जो अंक दिए गए हैं, उसे दिखाया जाए। पीएचडी में दाखिला नहीं मिलने की शिकायत लेकर भी एक विद्यार्थी पहुंचा। छात्र के अनुसार, वह बीते कई वर्षों से पीएचडी प्रवेश परीक्षा दिला रहा है, लेकिन उसका चयन नहीं हो पा रहा है। नेट और सेट में कुछ अन्य विषयों को शामिल किए जाने की मांग को लेकर भी विद्यार्थियों ने कुलपति से मुलाकात की।

**अलग खबर**

### 19 को होनी थी एमएससी प्रवेश परीक्षाएं

रविवि द्वारा प्रवेश परीक्षाओं की तारीखों में परिवर्तन किया गया है। 19 जून को दो पालियों में एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी बायोकैमेस्ट्री और एमएससी बायोसाइंस की परीक्षाएं होनी थी। अब एमएससी बायोकैमेस्ट्री की परीक्षा 20 जून को होगी, जबकि एमएससी बायोटेक्नोलॉजी और एमएससी बायोसाइंस की परीक्षा 21 जून को होगी। अधिक जानकारी के लिए छात्र संबंधित विभाग से संपर्क कर सकते हैं।



### सिर्फ एक ही विषय की दिलाऊंगा परीक्षा

लॉ के ही एक विद्यार्थी ने दो के स्थान पर सिर्फ एक ही परीक्षा दिलाने की मांग की। दरअसल लॉ में उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम अंक हासिल करने के साथ ही सभी विषय मिलाकर निर्धारित औसत अंक भी प्राप्त करना अनिवार्य होता है। उक्त छात्र सभी विषयों में उत्तीर्ण तो हो गया था, लेकिन तय औसत अंक प्राप्त करने में कामयाब नहीं रहा। ऐसी स्थिति में छात्रों को दो विषयों की परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाता है ताकि वह अंकों में बढ़ोत्तरी कर सके और निर्धारित औसत हासिल कर सके। छात्र का कहना था कि वो दो के स्थान पर सिर्फ एक ही विषय की परीक्षा दिलाना चाहता है।

## न नाली की चौड़ाई बढ़ाई न पाइपलाइन शिफ्टिंग पर ध्यान


# नाले-नालियों से गुजरी पाइपलाइन, पेयजल दूषित होने का खतरा, 12 फीसदी पानी लीकेज में बरबाद


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम शहर के नागरिकों को साफ पानी मुहैया कराने में फिसड्डी साबित हो रहा है। शहर के दर्जनभर वार्ड ऐसे हैं, जहां पुरानी पाइप लाइन जर्जर हालत में है। इनमें से कई जगह नालियों के ऊपर से पीने के पानी की पाइप लाइन गुजरी है। नाले के अंदर पाइप लाइन डूबी हुई है, जिसे एक अरसे से नहीं हटाया गया। जल विभाग के अधिकारी का कहना है, पुरानी पाइप लाइन में लीकेज से 12 फीसदी साफ पानी नाले और नालियों में बहकर बेकार जा रहा है। इसकी पुष्टि सालभर पहले वाटर आडिट रिपोर्ट में हो चुकी है।

### इन इलाकों में नाली के अंदर पाइप लाइन

हलवाई लाइन, ब्राम्हणपारा अवधियापारा, गोलबाजार, पुरानी बस्ती, प्रगति नगर, बंधवापारा, ठेठवार पारा रामसागरपारा, मौदहापारा, बांस टाल एरिया, सिविल लाइन इलाके की उत्कल बस्ती सहित अन्य इलाकों की रिहाइशी बस्तियां।





- प्रगतिनगर, बंधवापारा, पुरानी बस्ती, ब्राम्हणपारा, अवधियापारा, मौदहापारा, सिविल लाइन की उत्कल बस्ती शामिल
- वाटर आडिट रिपोर्ट में पुरानी पाइप लाइन से 12 फीसदी लीकेज

### गर्मी के बाद शिफ्टिंग

शहर में नाली और नाले से होकर गुजरी पाइप लाइन वाले स्पॉट को जोनवार चिन्हांकित किया गया है। गर्मी के कारण पुरानी पाइप लाइन को डिस्टर्ब नहीं कर सकते। इसीलिए गर्मी के बाद चिन्हांकित स्पॉट की पाइप लाइन को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट कराया जायेगा। अधिकारियों को बैठक में निर्देश दिया जा चुका है।

**- सतनाम पनाग,** अध्यक्ष, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

**केस 1**

### बैजनाथपारा में नाली के अंदर पाइप लाइन

मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड स्थित बैजनाथ पारा इलाके में भारी गंदगी से भरी नाली के अंदर नल कनेक्शन की पाइप लाइन गुजरी है। इस ओर न तो वार्ड पार्षद का ध्यान है, न ही जल विभाग के अधिकारी नाली की गंदगी से होकर गुजरी पाइप लाइन की शिफ्टिंग करा पाये। इससे लोगों की सेहत दांव पर लगी है।

**केस 2**

### मौदहापारा के नाले में डूबी पानी की पाइप लाइन

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र के मौदहापारा इलाके में बड़े नाले के गंदा पानी के बीच पाइप लाइन डूबी है। सालों पुरानी पाइप लाइन के ऊपर से गंदा पानी पूरे प्रवाह के साथ बहकर जा रहा है। पाइप लाइन लीकेज होने की स्थिति में लोगों के बीमार होने का खतरा बना हुआ है। जोन के अधिकारी इस ओर अनजान बने हुये हैं, जबकि इस पाइप लाइन को नाले से बाहर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की जरूरत है।

**केस 3**

### पुराना काफी हाउस के पास नाले में पानी की लाइन

शहर के बांस टाल इलाके में पुराने काफी हाउस के पास बहने वाले नाले में पेयजल आपूर्ति वाली पाइप लाइन गुजरी है। इसके आसपास प्लास्टिक की पन्नियां, बदबूदार गंदा पानी चौबीस घंटे बह रहा है। बारिश के दिनों में यह नाला ओवर फ्लो होकर मुख्य मार्ग की सड़क पर बहने की स्थिति बनती है। उस समय पानी की लाइन पूरी तरह नाले में डूब जाती है। इससे लोगों की सेहत प्रभावित होने का अंदेशा है।

**केस 4**

### वीआईपी रोड में नाले से गुजरी पानी की लाइन

वीआईपी रोड में सीमेंट से बनी सड़क के सामने 500 मीटर की दूरी पर नाले से होकर जंगली घास के बीच पीने के पानी की पाइप लाइन गई है। इसमें लीकेज से लोगों के हिस्से का साफ पानी बेकार बहकर नाले में जा रहा है। वहीं पाइप लाइन का रिसाव होने से नाली की गंदगी लोगों के घरों तक पहुंचने का खतरा बना हुआ है। रहवासियों ने जोन के अधिकारियों को इससे अवगत कराया पर पाइप लाइन शिफ्टिंग पर ध्यान नहीं दिया गया।

## दो सौ रुपए लेन-देन के विवाद पर हत्या आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व सोमवार को दो सौ रुपए लेन-देन के विवाद पर 37 साल के एक व्यक्ति की हत्या कर फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पटिया के वार से सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से मौत होने की शार्ट पीएम में पुष्टि हुई है। पुलिस के मुताबिक भुजन लाल यादव की हत्या के आरोप में तुषार साहू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को संजय नगर में देर रात भुजन, तुषार के घर के पास से गुजर रहा था। तुषार, भुजन का रास्ता रोक कर पूर्व में उधार में दिए दो सौ रुपए वापस करने की मांग करने लगा। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद के चलते तुषार ने भुजन के साथ मारपीट करते हुए उसके सिर पर लकड़ी के पटिया से वार कर दिया। पटिया के वार से भुजन मौके पर ही बेहोश होकर गिर गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भुजन को उपचार के लिए डीकेएस अस्पताल लेकर गए, जहां भुजन ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

**पेज 11 के शेष**

### यह ट्रेन रहेगी...

06. 07 एवं 12 जून 08712 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
07. 07 एवं 12 जून 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
08. 07 एवं 12 जून 08714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
09. 07 एवं 12 जून 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
10. 07 एवं 12 जून 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

### क्वींस क्लब में जन...

कार्य छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने एमीनेंट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा था। अनुबंधित एजेंसी द्वारा क्वींस क्लब ऑफ इंडिया के संचालन में अनुबंध की कई शर्तो का उल्लंघन किये जाने की स्थिति में हाउसिंग बोर्ड ने 15 मार्च 2024 को अनुबंध निरस्त करते हुए 17 मार्च को क्लब का आधिपत्य अपने हाथ में ले लिया।
विदित हो कि विशेष आवासीय योजना के अंतर्गत क्वींस क्लब ऑफ इंडिया योजना में योजना के 108 आवंटित जन प्रतिनिधियों को विशेष छूट के साथ क्लब में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इसी तरह शहर के गणमान्य नागरिकों को निर्धारित शुल्क के साथ क्लब में विभिन्न सुविधाएं दी गई थीं, पर क्लब का संचालन बंद होने से जन प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों को असुविधा होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। इसके तहत क्लब का संचालन और संधारण विभागीय रूप से शुरू किया गया है।

### अब लोड फैक्टर में...

नियामक आयोग ने उसको न मानते हुए 10 फीसदी तक छूट देने का प्रावधान कर दिया है। इस मामले में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नाराजगी जताई थी, तब जाकर पॉवर कंपनी ने लोड फैक्टर के लिए नया प्रस्ताव दिया था। प्रदेश के स्टील उद्योग को लोड फैक्टर के कारण घरेलू उपभोक्ताओं से भी सस्ती बिजली मिल रही थी। इस सस्ती बिजली के खिलाफ पुराने अफसरों ने मोर्चा खोल रखा था। लेकिन इनकी सुनी ही नहीं जा रही थी। बीते साल जब प्रदेश में सरकार बदली और ऊर्जा विभाग को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने पास रखा तो उनके सामने स्टील उद्योग को लोड फैक्टर के माध्यम से सस्ती बिजली मिलने की बात आई। इसके बाद उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए इसको ठीक करने के निर्देश दिए थे।

### चार और नेक इंसान...

की मदद करने वालों को सम्मानित करने का कार्य कर रहे हैं। घायलों की मदद करने वालों के सम्मान में थानों के अलावा शहर के प्रमुख चौराहों पर पोस्टर भी लगाया जा रहा है। एसएसपी ने शहर के युवाओं से घायलों की जान बचाने उनकी मदद करने की अपील की है।

# आधी रात सड़क पर उतरे पत्रकारिता विवि के छात्र आरोप-10 बजते ही बंद हो जाती है पानी सप्लाई

## सुबह तक रोड पर ही नारेबाजी करते हुए बैठे रहे छात्र, सड़क पर गुजारी रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पत्रकारिता विवि के छात्र एक बार फिर से पानी को लेकर सड़क पर उतर आए हैं। बुधवार देर रात पानी खत्म होने के बाद छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। बुधवार मध्यरात्रि के बाद गुरुवार तड़के तक छात्र सड़क पर ही बैठ रहे। छात्रों का आरोप है कि रात 10 बजने के बाद पानी की सप्लाई बंद हो जाती है। यदि इसके पूर्व टंकी में पानी भरा हुआ है, तब कोई दिक्कत नहीं आती है। लेकिन यदि रात्रि में 10 बजने के बाद टंकी में पानी समाप्त हो जाता है तो प्रबंधन द्वारा दोबारा मोटर चालू नहीं किया जाता है। गर्मी के कारण पानी की खपत अधिक होती है। ऐसे में देर रात भी पानी की आवश्यकता छात्रों को होती है। इसके अलावा प्रदर्शन पर बैठे छात्रों ने दुर्व्यवहार का आरोप भी प्रबंधन पर लगाया है। छात्रों का आरोप है कि उनके मुख्य द्वार के बाद रोड पर धरने में बैठने के दौरान गार्ड द्वारा गेट में ताला लगा दिया गया था। यही नहीं, कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनकी बात सुनने नहीं आया। वहीं विवि प्रबंधन का कहना है कि हॉस्टल या विवि प्रबंधन में पानी की किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। छात्रों द्वारा इस तरह की किसी भी समस्या के बारे में अवगत नहीं कराया गया है।



### दूसरे पखवाड़े से परीक्षाएं

*पत्रकारिता विवि की सेमेस्टर परीक्षाएं जून के दूसरे पखवाड़े से प्रारंभ हो रही हैं। छात्रों का कहना है कि पानी की किचकिच के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कैंटिन नहीं होने के कारण उन्हें खाना भी खुद ही बनाना पड़ता है। ऐसे में पानी खत्म ना हो जाए, इसलिए पहले से खाना बनाने के लिए पानी भरकर रखना पड़ता है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब पत्रकारिता विवि के छात्र पानी की समस्या को लेकर सड़क पर उतरे हो। इसके पूर्व भी कुछ माह पूर्व पानी की समस्या को लेकर इसी तरह रात्रि में छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया था। उस दौरान खराब मोटर को ठीक करवाकर पानी की दिक्कत दूर की गई थी।*

### जानकारी मांगी है

छात्र इस तरह की कोई समस्या लेकर हमारे पास नहीं आए हैं। हमने संबंधित सुरक्षा अधिकारी से रात्रि में हुए प्रदर्शन को लेकर जानकारी मांगी है। इसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

**-डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी**
मीडिया समन्वयक, केटीयू

**// शपथ पत्र //**

मैं विजय कुमार कुर्म उम्र 68 वर्ष पिता- श्री बाबूलाल कुर्म निवासी- म.न. 54/431, शिक्षक कालोनी डगनिया रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि :-

1. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है जो सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरे सभी दस्तावेजों मे मेरे पिता का नाम बाबूलाल कुर्म दर्ज है।
3. यह कि, तथा मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेज तथा अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम बाबूलाल दर्ज है।
4. यह कि, इस प्रकार बाबूलाल कुर्म एवं बाबूलाल दोनो नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिता के स्वयं का ही है इस संबंध में भविष्य मे किसी प्रकार के वाद विवाद के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. यह कि, वर्तमान में मुझे अपने समस्त दस्तावेजों में मेरे पिता क पूरा एवं सही नाम बाबूलाल कुर्म दर्ज करने एवं मेरे पिता के इसी नाम को मेरे समस्त दस्तावेजों मे मान्य किये जाने हेतु यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**सत्यापन :-**

मैं विजय कुमार कुर्म यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से लेकर 5 तक लिखी हुई सभी बाते सत्य एवं सही है।

**शपथकर्ता**
**विजय कुमार कुर्म**

**-:: उद्घोषणा ::-**

क्रमांक 7816 / आर.सी./रा.वि.प्रा./2024
रायपुर, दिनांक 28/05/24

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रांवाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री **कृष्ण मोहन पाण्डे पिता श्री राम अनुज पाण्डे** को ब्लॉक 19 में भूखण्ड क्रमांक SS1-77 क्षेत्रफल 215 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्रीहोल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ............ को जारी ।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

प्र.क्र.//अ-6(अ)/2023-2024
ग्राम डूण्डा, प.ह.नं.-72
रायपुर दिनांक 24/5/2024

**// ईश्तहार ///**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. दिनेश लाल पिता गंगाराम निवासी संतोषी नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर ने ग्राम डूण्डा प.ह.नं.0 72 तहसील व जिला रायपुर स्थित उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 309/3 आनलाईन में 309/1 के स्थान पर दर्ज हो गया है। उक्त त्रुटि का सुधार करते हुये खसरा नंबर 309/3 के स्थान पर 309/1 दर्ज किया जाना है। जिसे नक्शा सुधार किये जाने हेतु छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 107 (5) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07/06/2024 को होगी।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 7/06/2024 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 24/5/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अति. तहसीलदार,**
**रायपुर (छ.ग.)**

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सूजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
- Spoken English & Personality Development Classes
- Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal Attention on each students
- Scholarship will be provided for students coming from
- other schools who score above 90% • Robotics and Science laboratory • Sports and Curriculum Activities
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 0771-4000123, 9425214413, 9329621221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
• Extra curricular activities • Personal attention to each student Limited student in each class • Music, Dance, personality development classes • Yoga
• Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) 0771-4913336, 9425214413, 9329621221 Email:- rpsraipur123@gmail.com

# महंत ने कहा- हसदेव अरण्य में जंगल की कटाई तत्काल रोकी जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को पत्र लिखकर हसदेव अरण्य कोल फील्ड के सभी कोल ब्लॉक से उत्खनन एवं वृक्षों के विरोहन की गतिविधियों को रोक लगाने एवं कूट रचित उत्तरदायित्व व्यक्तियों के खिलाफ अपराध पंजीबद करने के निर्देश देने आग्रह किया है।

उन्होंने राज्यपाल से मांग की है कि सभी कोल ब्लॉक से कोयला उत्खनन एवं वृक्षों के विदोहन की गतिविधियों पर रोक लगाएं और ग्राम सभाओं की कूटरचित कार्यवाहियों के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने निर्देशित करें। नेता प्रतिपक्ष ने पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा परसा कोल ब्लॉक मे उत्खनन के लिए आवश्यक अनुमतियां हासिल करने के लिए फर्जी ग्रामसभा प्रस्ताव पास करने के ग्रामीणों के आरोपों की जांच की गई है।

जांच में आयोग ने ग्रामसभा की फर्जी कार्यवाही के आरोपों को प्राथमिक रूप से सही पाते हुए परसा कोल ब्लॉक में खनन के लिए कोई भी अग्रिम कार्यवाही न करते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश 30 मई को किया है। ग्राम सभाओं की बैठकों में प्रस्ताव प्रस्तुत किए बिना ही कूट रचना कर कार्यवाही विवरणों में प्रस्ताव पारित होने का उल्लेख करना गंभीर आपराधिक मामला है। इसे षड़यंत्रपूर्वक अंजाम दिया गया है। कूट रचित कार्यवाही विवरण के कारण ही 2 फरवरी 2022 के भारत सरकार द्वारा कोल ब्लॉक आबंटन रकबा 1136 हेक्टेयर ग्राम परसा तथा केते के लिए अनुमतियां दी गईं।

### 15 हजार से अधिक वृक्षों की कटाई

इसका प्रतिवेदन राज्य सरकार को 2022 में प्राप्त हो चुका है, परंतु इस प्रतिवेदन की अनुशंसाओं की भी घोर उपेक्षा की जाकर राज्य द्वारा कोयला उत्खनन की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ विधान सभा सामान्य निर्वाचन, 2023 की मतगणना का परिणाम आने के बाद और नई सरकार का गठन होने के पहले ही दिनांक 11.12.2023 को हसदेव अरण्य के उपरोक्त कोल फील्ड में 91.130 हेक्टेयर वन क्षेत्र में 15307 नग वृक्षों के विदोहन की अनुमति अधिकारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से जारी कर दी गई, जो अवैधानिक है।




■ नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने राज्यपाल को लिखा पत्र

### पूर्व राज्यपाल ने मुख्य सचिव से मांगी थी रिपोर्ट

23 अक्टूबर 2021 को छत्तीसगढ़ के तत्कालीन राज्यपाल अनसूईया उईके द्वारा राज्य के मुख्य सचिव को एक पत्र प्रेषित करते हुए ग्राम सभाओं की कूट रचित कार्यवाहियों की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और जांच तक परसा कोल ब्लॉक में उत्खनन संबंधी कार्यवाहियों को रोकने निर्देशित किया गया था। सभी कोल ब्लॉक से कोयला उत्खनन एवं वृक्षों के विदोहन की गतिविधियों पर रोक लगाएं और ग्राम सभाओं की कूटरचित कार्यवाहियों के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने निर्देशित करें।

### विधानसभा पारित हुआ था अशासकीय संकल्प

छत्तीसगढ़ विधान सभा में 26 जुलाई 2022 को सर्व सम्मति से यह अशासकीय संकल्प स्वीकृत किया गया था कि इस सदन का मत है कि हसदेव क्षेत्र में आबंटित सभी कोल ब्लॉक रद्द किये जायें। सम्पूर्ण हसदेव अरण्य कोल फील्ड (जिसमें परसा कोल ब्लॉक शामिल है) पर संविधान की पांचवीं अनुसूची प्रभावी है और इसलिए इस क्षेत्र में पंचायत अनुबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 लागू है। इस अधिनियम की धारा के अनुसार यह आवश्यक है कि क्षेत्र की प्रत्येक ग्रामसभा द्वारा सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं का अनुमोदन किया जाए। परंतु परसा कोल ब्लॉक के मामले में इसका पालन नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप



### ई-वे बिल की पूर्व अधिसूचना यथावत रखने राज्य जीएसटी आयुक्त बंसल को ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव के नेतृत्व में राज्य जीएसटी आयुक्त रजत बंसल से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ई-वे बिल की पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने ज्ञापन सौंपा। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा दिए जा रहे विभिन्न नोटिसों पर स्वतः रोक लगाने आग्रह किया। इस दौरान प्रदेशभर के व्यापारियों से प्राप्त नोटिस की प्रतिलिपि सौंपी गई। राज्य जीएसटी आयुक्त रजत बंसल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इस संबंध में उचित कदम उठाया जाएगा। ज्ञापन सौंपने चैंबर के प्रतिनिधिमंडल में सलाहकार जितेंद्र दोशी, अमर गिदवानी, परमानंद जैन, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, जयराम कुकरेजा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### धोबी समाज के महाधिवेशन की तैयारी जोरों पर, वित्त मंत्री से की मुलाकात



**रायपुर।** शहर जिला धोबी समाज का 9 जून को बोईर दादर चौक ईडन गार्डन रायगढ़ में होने वाले महाधिवेशन की तैयारी जोरों पर है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर गुरुवार को रायगढ़ पहुंचे और वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान जिला प्रशासन से सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य विषयों पर जानकारी ली तथा पूर्ण सुरक्षा प्रबंध करने का आग्रह किया, जिस पर मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि हम अन्य समाज की तरह धोबी समाज के समस्याओं के संबंध में भी गंभीर है और हम आप सबसे सहयोग चाहते हैं और जानकारी लेकर समाज के विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे।

### सड़क दुर्घटना का शिकार होकर रोज मर रहे हैं पशु



**रायपुर।** रोज राष्ट्रीय राजमार्गों पर मंडराते हुए पशुधन सड़क दुर्घटना के शिकार होकर मर रहे हैं। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी और उनकी टीम गो-सेवा के कार्यों में सदैव सक्रिय रहती है, उनकी भी योजना गो-वंश को बचाने के लिए बढ़िया एनजीओ शासन-प्रशासन के सहयोग से स्थापित करने की है। इस मौके पर डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के अधीन पशुधन विकास विभाग का पोर्टफोलियो वर्तमान में है और विगत दिनों छत्तीसगढ़ राज्य में खुले में घूमते हुए घुमंतू पशुओं के लिए गो-अभयारण बनाए जाने की घोषणा हुई है। अभी तक अपने छत्तीसगढ़ प्रदेश में तीन अंकों वाले एक फोन कॉल पर पशुओं के लिए रेस्क्यू व्हीकल दुर्घटना स्थल पर पहुंचने की व्यवस्था नहीं बन सकी है।

### बार नवापारा में पिछले वर्ष हुई थी एक हजार आगजनी की घटनाएं, इस वर्ष महज 21 घटनाएं

# बाघ की धमक से वन्यजीवों के शिकार पर अंकुश, जंगल में आगजनी पर भी लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

चार माह पूर्व महासमुंद के रास्ते बलौदाबाजार वनमंडल के बलौदाबाजार वनमंडल के बारनवापारा अभयारण्य में पड़ोसी राज्य ओडिशा का एक नर बाघ भटकते हुए पहुंचा हुआ है। क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी की जानकारी मिलने पर पूरा वन अमला बाघ की सुरक्षा के लिए जुटा हुआ है। वन अमले की सतर्कता की वजह से बाघ के साथ अभयारण्य में रह रहे अन्य प्रजाति के वन्यजीवों की सुरक्षा हो रही है। साथ ही बारनवापारा के जंगल में इस वर्ष महज 21 स्थानों में आगजनी की घटना सामने आई है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष सारंगढ़-बिलाईगढ़ वनमंडल के गोमर्डा अभयारण्य में भटक कर आए बाघ की करंट लगने के मौत होने की घटना के दो माह बाद बलौदाबाजार वनमंडल में दूसरे बाघ की आमद हो गई। गोमर्डा में बाघ की करंट से मौत होने की घटना से वन विभाग ने सबक लेते हुए बारनवापारा में आए बाघ की सुरक्षा के लिए वन मुख्यालय के दिशा निर्देश पर कार्ययोजना बनाते हुए एनजीओ की मदद ली। एनजीओ की मदद से वन विभाग के अफसर बाघ के मूवमेंट की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### गर्मी में सासर की निगरानी बढ़ाई गई

वन अफसर के मुताबिक गर्मी के दिनों में प्राकृतिक जल स्त्रोत सूख जाते हैं। ऐसे में वन्यजीवों के लिए पानी की व्यवस्था करने सासर बनाए जाते हैं, जिसमें वन्यजीव पानी पीने के लिए आते हैं। जिस क्षेत्र में बाघ भ्रमण कर रहा है, उस क्षेत्र के सासर में बाघ भी पानी पीने के लिए पहुंच रहा है। इसे देखते हुए सासर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



### लगातार हो रही मॉनिटरिंग

बारनवापारा में बाघ की मौजूदगी है। बाघ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही वनकर्मियों की टीम लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। बाघ की सुरक्षा के लिए एनजीओ की भी मदद ली जा रही है। इसके चलते जंगल में आग लगने के साथ शिकार की घटना पर अंकुश लगा है।

\- **मयंक अग्रवाल,** डीएफओ, बलौदाबाजार वनमंडल

### शिकार पर अंकुश लगाने एंटी स्नेयर अभियान

क्षेत्र में बाघ की मौजदूगी को ध्यान में रखते हुए वन विभाग के अफसर दो अलग-अलग एनजीओ की मदद से एंटी स्नेयर अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के तहत वन्यजीवों को जाल में फंसाने के लिए शिकारी जो जाल बिछाते हैं, उस जाल की जब्ती करना है। बलौदाबाजार डीएफओ मयंक अग्रवाल के मुताबिक कुछ जगहों पर शिकारियों द्वारा वन्यजीवों का शिकार करने गड्ढा खोदकर पानी डालकर जहर मिलाने की जानकारी मिलने पर गड्ढा पाटने की कार्रवाई की गई।

### बाघ की मौजूदगी को लेकर सावधानी

वन अफसर बाघ की मॉनिटरिंग करने के साथ ही बाघ जिस क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है, इस बात की जानकारी किसी भी तरह से लीक न हो, इस बात का विशेष ध्यान रख रहे हैं। बाघ की मौजूदगी की जानकारी लीक नहीं होने देने की वजह बाघ को शिकारियों से बचाने के साथ उसे देखने जाने वाले लोगों के हुजूम को रोकना है। बाघ की लोकेशन सार्वजनिक होने की वजह से शिकार का खतरा बढ़ जाएगा।

### एक हजार की जगह अब 21 आगजनी

गौरतलब है कि बलौदाबाजार वनमंडल में पिछले दो वर्षों में क्रमशः 12 सौ तथा 11 सौ से ज्यादा आगजनी की घटनाएं हुई थीं। बाघ की मौजूदगी की वजह से वनकर्मी लगातार जंगल में गश्त कर रहे हैं। इसके चलते किसी जगह आग लगने की जानकारी मिलने पर वनकर्मी तत्काल मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा रहे हैं। गौरतलब है कि शिकारी भी शिकार करने जंगल में आग लगाने की घटना को अंजाम देते हैं। जंगल में वनकर्मियों की मौजूदगी की वजह से शिकारी शिकार करने अपने किसी भी तरह के मंसूबों में कामयाब नहीं हो रहे।

# आचार संहिता ने रोका घर-घर शौचालय का निर्माण, 474 परिवारों की अटकी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत रायपुर जिले में फेज-2 अंतर्गत 11557 परिवारों ने अपने घरों में शौचालय निर्माण कराने के लिए आवेदन किए थे। इन आवेदनों का सत्यापन कराने के बाद स्वीकृति दी गई, जिसके बाद इनमें से 11083 परिवारों को प्रोत्साहन राशि भी जारी कर दी गई।

इस राशि के सहयोग से उन घरों में शौचालय का निर्माण भी कराया है, लेकिन इनमें से 474 परिवारों को अब तक प्रोत्साहन राशि मिल नहीं पाई है। इसके कारण इन परिवारों के घरों में शौचालय का निर्माण भी नहीं हो पाया है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शेष परिवारों के लिए भी फंड आ चुका है, पर आचार संहिता के कारण हितग्राहियों को यह राशि जारी नहीं की गई है। आचार संहिता शुक्रवार को हट जाएगी। इसके बाद शेष हितग्राहियों को भी जल्द प्रोत्साहन राशि जारी कर दी जाएगी।

### फेज-1 में एक लाख 75 हजार से ज्यादा घरों में बने शौचालय

देश के सभी गांवों को खुले में शौच मुक्त करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) यह योजना लाई है। यह योजना उन परिवारों के लिए लाई, जिनके घर में शौचालय नहीं थे। इसके कारण उन घरों के सदस्यों को घर के बाहर सार्वजनिक खुली जगह पर शौच करने जाना पड़ता था, जिसके कारण गांव में गंदगी होती थी। यह योजना शुरू होने के साथ फेज-1 में वर्ष 2014 से 2020 तक रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से 175663 आवेदन आए थे, जिनका सत्यापन करने के बाद प्रति परिवार को 12 हजार रुपये की दर से कुल 210 करोड़ 79 लाख 56 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया है।

### ओडीएफ प्लस का दर्जा दिलाना मुख्य उद्देश्य

स्वच्छ भारत मिशन योजना का मुख्य उद्देश्य गांव को खुले में शौच से मुक्त कर उसे ओडीएफ प्लस का दर्जा दिलाना है। ओडीएफ प्लस का दर्जा प्राप्त करने के लिए गांव के प्रत्येक घर में शौचालय होना चाहिए, ग्राम पंचायत में कम से कम एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण तथा उस गांव में खुले शौच पर पूर्ण पाबंदी होना चाहिए।

### जल्द जारी करेंगे शेष हितग्राहियों को राशि

आचार संहिता के कारण राशि जारी करने की प्रक्रिया अटकी हुई थी। जिन हितग्राहियों को राशि जारी नहीं हो पाई है, उन्हें जल्द जारी कर देंगे।

\- **विश्वदीप,** सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच के पहले सट्टे की पिच तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आईपीएल क्रिकेट मैच समाप्त होते ही अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप मैच का आगाज हो गया है। टी-20 वर्ल्ड कप मैच शुरू होने के पूर्व ही ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह सट्टा संचालित करने सक्रिय हो गए हैं। राज्य में वर्तमान में महादेव सट्टा एप के 12 से 13 बुक संचालित होने की जानकारी मिली है। सट्टा बुक के अलग-अलग डोमेन के माध्यम से महादेव सट्टा एप के राज्य में 120 से ज्यादा पैनल संचालित होने की जानकारी मिली है।

■ छत्तीसगढ़ में टी-20 मैच के लिए महादेव के सवा सौ पैनल संचालित

सट्टा एप को रोकने पुलिस ने पूर्व में कई बड़ी कार्रवाई भी की है, बावजूद इसके राज्य में बड़े पैमाने पर सट्टा संचालित हो रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका में चल रहे टी-20 मैच में भारत तथा पाकिस्तान का मुकाबला रविवार को होगा। भारत तथा पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच के रोमांचक होने के आसार हैं। इसी बात का फायदा उठाने सटोरिये सक्रिय हो गए हैं। लोगों के रोमांच का फायदा उठाने महादेव सट्टा एप अपने छद्म नाम के अलग-अलग बुक के माध्यम से यहां सट्टा संचालित कर रहे हैं। महादेव सट्टा एप संचालित करने वाले अलग-अलग डोमेन के माध्यम से सटोरियों को पैनल बेचकर सट्टा संचालित कर रहे हैं।

### रोजाना इतने करोड़ का ट्रांजेक्शन

राज्य में सट्टा संचालित करने जितने पैनल वर्तमान में ऑपरेट हो रहे हैं, उस लिहाज से सट्टा के माध्यम से नियमित 40 करोड़ रुपए से ज्यादा का ट्रांजेक्शन हो रहा है। रुपयों का ट्रांजेक्शन फेक आईडी के माध्यम से बैंकों में खोले गए अकाउंट तथा हवाला के माध्यम से किया जा रहा है।

### ट्रेस करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती

सट्टा संचालित करने अलग-अलग बुक के जिन डोमेन से पैनल बांटा जा रहा है, उन डोमेन का हर चौथे-पांचवे दिन आईडी पासवर्ड बदले जा रहे। इसके अलावा पैनल का आईडी पासवर्ड हर दिन बदल रहे हैं। कई बार तो ऐसी स्थिति निर्मित होती है कि पैनल के आईडी पासवर्ड दिन में पांच से छह बार बदल देते हैं। इसके चलते साइबर सेल की टीम भी क्रिकेट सट्टा से संचालित बुक तथा डोमेन को ट्रेस नहीं कर पा रही है।

### सटोरियों पर रखी जा रही नजर

टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत तथा पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच को ध्यान में रखते हुए साइबर सेल के माध्यम से सटोरियों की मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अलावा मुखबिरों की मदद से सटोरियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

\- **संजय सिंह,** डीएसपी क्राइम

# लोन की पूरी राशि चुकाने के बाद भी बैंक हर माह लगा रहा था पेनाल्टी, शिकायत पर ओबीसी आयोग ने दिलाया न्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में लोन की पूरी राशि अदा करने के बाद भी बैंक के एक व्यक्ति पर लोन की तीन किस्त का भुगतान करने तथा किस्त नहीं देने पर हर माह पेनाल्टी लगाकर उससे जबरन पैसे ऐंठने तथा एनओसी नहीं देने का मामला सामने आया है। बैंक की इस मनमानी से परेशान होकर कर्जदार ने इसकी शिकायत छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में कर दी।

इस शिकायत पर आयोग की ओर से जब बैंक प्रबंधन को नोटिस गया, तो इससे वहां हड़कंप मच गया। आयोग की पहली सुनवाई के दौरान ही बैंक प्रबंधन ने अपनी गलती मान ली और पीड़ित कर्जदार को उसी दिन न केवल लोन का पूरा भुगतान करने के एवज में एनओसी दी, बल्कि पेनाल्टी के रूप में उससे वसूल चुकी रकम लौटाने के लिए भी राजी हुआ। रायपुर निवासी सोहन कुमार साहू ने रवि भवन जयस्तंभ चौक स्थित इंडसइंड बैंक शाखा से कार लेने के लिए लोन फाइनेंस कराया था। लोन फाइनेंस कराने के बाद ही कोविड काल शुरू हो गया। इसके कारण बैंकों में लोन ले चुके ग्राहकों को तीन माह की किस्त चुकाने में छूट दी गई थी, लेकिन सोहन इस छूट का लाभ नहीं लेकर कोरोना काल में भी नियमित रूप से किस्त चुकाता रहा। इस दौरान उसकी लोन की पूरी किस्त भी अदा हो गई, लेकिन बैंक प्रबंधन ने यह कहते हुए उस पर तीन माह की किस्त के साथ पेनाल्टी लगाना शुरू कर दिया कि कोरोना काल में तीन माह की छूट की राशि उसने अब तक जमा नहीं की है। इसके एवज में वह इन किस्तों की पेनाल्टी भी लगाना शुरू कर दिया। कर्जदार ने यह सोचकर पहले तीन माह की पेनाल्टी का पैसा चुका दिया कि कोरोना काल के दौरान लोन ब्याज की दरें घटी व बढ़ी थीं। इसके कारण बैंक ने उस पर पेनाल्टी लगाया है, लेकिन जब वह एनओसी लेने के लिए बैंक पहुंचा, तो उसे बताया गया कि उसने कोरोना काल में तीन माह की किस्त अदा नहीं की है। यह सुनकर वह भी हैरान हो गया। उसने बैंक प्रबंधन को जानकारी भी दी कि उसने कोरोना काल में भी किस्त अदा की है, लेकिन प्रबंधन ने उसकी नहीं सुनी। इस पर सोहन ने आयोग का दरवाजा खटखटाया, जहां उसे न्याय भी मिला।



■ आयोग की पहली सुनवाई के दौरान ही बैंक प्रबंधन ने अपनी गलती मान ली

### आयोग के नोटिस के बाद आयुर्वेद कॉलेज में मिला प्रवेश

आयोग में अमलीडीह रायपुर निवासी शिल्पा सोनी ने शासकीय आयुर्वेद कॉलेज में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश लेने के लिए आवेदन किया था, लेकिन कॉलेज प्रबंधन ने उनके पिता जो शासकीय विभाग में ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत हैं तथा उनकी वार्षिक आय 8 लाख से ज्यादा है, को कारण बताते हुए प्रवेश देने से इनकार कर दिया। शिल्पा सोनी की इस शिकायत पर आयोग ने कॉलेज प्रबंधन को नोटिस भेजकर जवाब मांगा। इस नोटिस के बाद प्रबंधन ने देर किए बिना ही छात्रा को प्रवेश दे दिया। आयोग के सचिव बीरू कुमार साहू ने बताया कि जिस नियम का हवाला देकर कॉलेज प्रबंधन ने छात्रा को प्रवेश देने से मना किया था, ऐसा नियम ही नहीं है। प्रबंधन जानकारी के अभाव में इस तरह की गलतियां कर बैठते हैं, जिसके कारण छात्रों को परेशानी होती है।

## बिजनेस साइट

### मिरैकल्स क्लीनिक में स्वर्णप्राशन संस्कार 10 जून को

**रायपुर।** शंकरनगर चौपाटी स्थित मिरैकल्स पाईल्स एंड डेंटल क्लीनिक में 10 जून सोमवार को पुष्य नक्षत्र में स्वर्णप्राशन संस्कार किया जाएगा। मिरैकल्स क्लीनिक की संचालक डॉ. पिंकी चौरसिया ने बताया कि यह स्वर्णप्राशन संस्कार बच्चों में बल, ऊर्जा, रोग-प्रतिरोधक क्षमता, बुद्धि, शारीरिक एवं मानसिक विकास बढ़ाने वाला होता है। यह विशेष प्रकार का आयुर्वेदिक टीकाकरण है, जो विशेष रूप से शोधित स्वर्ण एवं जड़ी-बूटियों के अर्क से बनाया जाता है, जो विशेष शुभदायक होता है। स्वर्णप्राशन पान करने वाले बच्चों में समस्त प्रकार के रोगों से लड़ने की क्षमता उत्पन्न होती है एवं बच्चे बार-बार होने वाली बीमारियों से बचते हैं। उन्होंने आगे बताया कि बच्चों के जन्म के पश्चात से 18 वर्ष तक के बच्चों का स्वर्णप्राशन किया जा सकता है। यह स्वर्णप्राशन बच्चों के सर्वांगीण विकास, शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए श्रेष्ठ है।



■ बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए श्रेष्ठ

### बैंक ऑफ बड़ौदा का विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजन

**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने आर सेटी रायपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक-बीडी एवं प्रभारी छत्तीसगढ़ भरतकुमार चावड़ा, उप महाप्रबंधक-सीए डॉ. रमेश कुमार मोहंती, उप महाप्रबंधक-ओएसडी रंजीत कुमार मंडल, क्षेत्रीय प्रमुख रायपुर क्षेत्र, किशलय प्रसाद एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित बैंक के कार्यपालकों ने पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की उपयोगिता पर अपने विचार रखे तथा उपस्थित सभी जनों से अधिकतम संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण की रक्षा करने का आव्हान किया।









हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 7 जून 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04



पैरों की खूबसूरती के लिए ही नहीं ...

लाइव इवेंट

## पर्यावरण बचाने आगे आए समाज, रक्षा का संकल्प

रायपुर। ब्रह्म ऋषि भूमिहार ब्राह्मण समाज ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण के संरक्षण को लेकर सामूहिक रूप से शपथ ली और साथ ही पौधारोपण कर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक सदस्यों ने संकल्प के साथ दोहराई। भूमिहार समाज के सचिव शेषनाथ तिवारी ने बताया, यह दिवस हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी हमारा एकमात्र आवास है और इसका संरक्षण करना हमारा सामूहिक दायित्व है। वरिष्ठ सदस्य जय भगवान शर्मा ने बताया, यह दिवस हमें याद दिलाता है कि हम प्रकृति के संरक्षक हैं और एक स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सुनील त्रिपाठी, मनीष तिवारी, सुधीर राय, ओमप्रकाश राय, अनिल सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजीव पांडेय और अन्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### शीतला मंदिर परिसर में किया पौधारोपण



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत धनेली में बुधवार को शीतला माता मंदिर परिसर (तालाब किनारे) में पौधारोपण किया गया। साथ ही क्षेत्रीय लोगों को पर्यावरण के महत्व एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गई और पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए ग्राम विकास समिति धनेली को पौधा भी सप्रेम भेंट किया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष टेकराम वर्मा, सुरेश निषाद, नंदलाल साहू के अलावा फाउंडेशन से विजय कुमार निषाद सहित शशिकांत साहू, सनील जांगड़े, विनोद साहू, मिथिलेश निषाद, गौरव निषाद, हेम साहू, प्रियांश कुमार निषाद आदि उपस्थित रहे।

### पर्यावरण दिवस पर बांटे फलदार पौधे

पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में बुधवार को प्रकृति प्रेम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय बंगाली सामाजिक एवं सास्कृतिक संगठन तथा शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान द्वारा किया गया है। कार्यक्रम परिकल्पना एवं निर्देशक समीर रक्षीत। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष महुआ मजूमदार ने बताया कि इस कार्यक्रम कवि गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर के परिवेश एवं प्रकृति प्रेम रचनावली के ऊपर नृत्य नाटिका का आयोजन समाज के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया गया। साथ ही आए हुए सभी अतिथि एवं श्रोताओं को पर्यावरण दिवस के उपलब्ध में फलदार पौधों का वितरण किया गया।



सिटी इवेंट

## पड़ोसी देशों के उत्सर्जन के बाद भी भूटान कार्बन सिंक

रायपुर। हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी द्वारा ग्रीन गवर्नेंस, जलवायु न्याय, व्यापार और पर्यावरणीय अधिकार के संवैधानिक और कानूनी दृष्टिकोण पर एक अतंर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन ऑनलाइन आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का आयोजन सटेंर फॉर एनवायरनमेंटल लॉज, सटेंर फॉर कांस्टिट्यूशनलिज्म एंड फेडरलिज्म और सेंटर फॉर डब्ल्यूटीओ के तत्वावधान में किया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरणीय चर्चा और विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझना था। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस दीपक गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने व्यक्तिगत जिम्मेदारी की आवश्यकता और दोषारोपण से बचने पर जोर दिया। उन्होंने भूटान को एक उत्कृष्ट मॉडल बताते हुए कहा, भारत जैसे पड़ोसी देशों के उत्सर्जन के बावजदू यह एक कार्बन सिंक अर्थात कार्बन जनित प्रदूषण को करने वाला बन गया है। उन्होंने पर्यावरणीय शासन की तत्काल आवश्यकता को समय की मांग बताया।

### मानव जाति ने नहीं दिखाई पृथ्वी के प्रति दयालुता

एसआरएम विश्वविद्यालय के कुलपति और अतिथि प्रो.परमजीत सिंह जसवाल ने सतत विकास के महत्व को रेखांकित किय। उन्होंने महात्मा गांधी के प्रसिद्ध शब्दों को दोहराते हुए कहा, पृथ्वी हर किसी की जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन किसी एक के भी लालच को पूरा करनेके लिए नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मानव जाति ने धरती के प्रति दयालुता नहीं दिखाई है, जिसके कारण वर्तमान चुनौतियां गंभीर होती जा रही हैं। एचएनएलयू कुलपति प्रो.वीसी विवेकानदंन ने पृथ्वी के प्रति हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाई। इस कार्यक्रम में लगभग 150 शोधपत्र प्रस्तु किए गए, जो पर्यावरण संबंधित थे। जीएनएलयू के कुलपति प्रो.एस. शांतकुमार और आईआईटी खड़गपुर से डॉ. उदय शंकर सहित विधि विवि के फैकल्टी इसमें शामिल हुए।

### महादेव घाट की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दुर्गा महाविद्यालय, विज्ञान महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने खारुन नदी की साफ-सफाई के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान एनसीसी के 45 कैडेट्स ने सफाई कार्य में अपना योगदान दिया। साथ ही पर्यावरण दिवस पर लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से रैली भी निकाली गई। खारुन नदी के तट की सफाई के दौरान कैडेट्स ने पर्यावरण को प्लास्टिक से नुकसान, जल का सदुपयोग, पेड़ों को काटने से बचाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर लोगों को जागरुक किया। दुर्गा महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ.वीके चौबे ने बताया, एनसीसी के माध्यम से कैडेट्स पर्यावरण जागरुकता संबंधित कार्य कर रही है। पूरे देश में इस प्रकार के अभियान चलाकर प्राकृतिक वातावरण संबंधित अभियान चला रहे हैं। इस अवसर पर शी. कन्या महाविद्यालय से एनसीसी प्रभारी डॉ. रंजना पूजा यादव एवं विद्यार्थिगण उपस्थित रहे।

पर्यटन और वन विभाग की मदद से स्थानीय समितियां इस बार पर्यटकों को कराएंगी एडवेंचर का अहसास

# देव हिल्स, राजमेरगढ़ और मैनपाट में नए एडवेंचर रूट रात्रि में गेड़ी नृत्य संग माहुल के पत्तों में परोसेंगे खाना

मानसून में प्रकृति के बदलते मिजाज और खूबसूरती को करीब से देखने जंगलों और पहाड़ों में ट्रेकिंग प्रेमियों के लिए प्रदेश में नए जगह बनकर तैयार हैं। इसका आनंद इस बारिश में पर्यटक ले सकेंगे। लोकल टूरिस्ट समितियों ने एडवेंचर ट्रेकिंग का नया मार्ग बनाया है, जो जंगल से होते हुए पहाड़ों की ऊंची चोटी तक रहेगा। खास बात यह है कि कई जगहों पर एडवेंचर सायकल के साथ-साथ पैदल भी है। समितियों का कहना है कि एडवेंचर के शौकीन बीहड़ जंगलों में रात बिताना पसंद करते हैं। इसलिए इस बार ट्रेकिंग एक से दो दिनों का तैयार किया जा रहा है।



रायपुर। पर्यटन विभाग भी मानसून सीजन को लेकर अपनी तैयारी में जुट गया है। विभाग ने प्रदेश के 15 से अधिक पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने 2 से 3 दिनों का पैकेज तैयार किया है। जहां लोगों को भ्रमण कराने के साथ पर्यटकों के रहने की व्यवस्था भी शामिल है। इस बार लोग चिल्फी घाट से पीड़ाघाट की ट्रेकिंग कर सकेंगे, जो 950 मीटर तक ऊंची पहाड़ी है। पर्यटन विभाग के गाइड के मदद से ट्रेकिंग होगी। इसके अलावा मैनपाट में पहाड़ों के रास्ते झरना जाने ट्रेकिंग करने का पहली बार मौका मिलेगा।



### राजमेरगढ़ में जंगल और पहाड़ों तक जाने नई ट्रेक

मरवाही वनमंडल में स्थित राजमेरगढ़ में वन विभाग की मदद से मानसून में लुफ्त उठा सकेंगे। बारिश में हर साल यहां सैलानियों की भीड़ बढ़ जाती है। वन विभाग और लोकल टूरिस्ट संस्था की मदद से इस बार पर्यटक यहां जंगल के रास्ते होते हुए राजमेरगढ़ की ऊंची चोटी पर पहुंचेंगे। इसलिए अलग से मार्ग चुना गया है, जहां बाइक और कार नहीं जाती है। संस्था के कौशल श्रीनिवास ने बताया कि राजमेरगढ़ वैसे तो अमरकंटक में है, लेकिन मरवाही वन मंडल के वन क्षेत्र में आता है। यहां खान-पान और ठहरने की व्यवस्था नहीं है, इसलिए पर्यटक भ्रमण के बाद लौट आते हैं। नेचर ब्लिस कैंपिंग के तहत पर्यटक राजमेरगढ़ राजमेरगढ़ की अदम्य सुंदरता का आनंद उठा सकते हैं।



### पर्यावरण के करीब होने का अहसास

राजमेरगढ़ में स्थानीय समिति के माध्यम से वन विभाग अगस्त में कैंपिंग शुरू करने की तैयारी में है। ठंड में अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। यहां 30 से 35 टेंट होंगे। रात्रि में गेड़ी नृत्य के माध्यम से पर्यटकों का मनोरंजन भी किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति शुल्क दो हजार रुपए के लगभग होगा। यहां आने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा। मरवाही वन मंडल ने राजमेरगढ़ के अलावा धरमपानी, गगनाई नेचर कैंप व झोंझा जलप्रपात में इसी तरह भ्रमण कराने की योजना तैयार की है। हर महीने दो एक्टिविटी होगी। जिन चार जगहों को चिन्हित किया गया है, वह सभी देखने लायक है। नेचर ब्लिस कैंपिंग में आने वाले पर्यटकों को पर्यावरण के करीब होने का अहसास दिलाने के लिए माहुल व साल पत्ते में खाना परोसा जाएगा।

### पहाड़ों की चढ़ाई में हिस्सा ले रहे युवा

शहर का शाया एडवेंचर क्लब द्वारा युवाओं को जगदलपुर, बस्तर और मैनपाट क्षेत्र के पहाड़ों में एडवेंचर एक्टिविटी एक जुलाई से प्रारंभ कराई जाएगी। ट्रेनर यश नेताम ने बताया कि सप्ताह में शनिवार और रविवार को बढ़ी संख्या में युवा बुकिंग करवाते हैं। पहाड़ में चढ़ाई आसान नहीं होती। क्लब शुरू करने 5 साल तक हमनें ट्रेनिंग लेनी पड़ी। क्लब में सभी 8 सदस्य ट्रेनर हैं, जो ट्रैकिंग, रैपलिंग और नाइट कैंप सपोर्ट के साथ लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखते है। टीम में एक लोकल गाइड भी होता है, जो उस स्थान का इतिहास बताता है। जगदलपुर में एडवेंचर गतिविधि अधिक होती है। युवाओं का एक वर्ग ऐसे एडवेंचर का अब हिस्सा बन रहे हैं।

### जंगल में नाइट कैंपिंग पहली पसंद

लोगों को जंगलों में भ्रमण और नाइट कैंपिंग के लिए शहर के आदर्श शर्मा ने द ट्रैवल मैन के नाम से समूह बनाया है, जो लोगों को उनके अनुसार ही प्रदेश के जंगल और अभयारण्य का भ्रमण करवाते हैं। आदर्श ने बताया कि बारिश में लोग एडवेंचर रास्तों में जाने के अलावा जंगलों में नाइट कैंपिंग करना पसंद करते हैं। ऐसे में रायपुर से 150 किलोमीटर की दूर की जगहों पर एक से दो दिन के ट्रिप तैयार करते हैं, जिसमें नाइट कैंपिंग की व्यवस्था भी होती है। इस बारिश में बाइक राइडिंग के अलावा एडवेंचर गतिविधि भी होगी। लोगों की मांग के अनुसार जंगल व पहाड़ के क्षेत्रों में ट्रेकिंग मार्ग तैयार कर रहे हैं।

### देव हिल्स में 30 किमी तक सीधी चढ़ाई

बारनवापारा क्षेत्र में अचानकपुर गांव से इस बार देव हिल्स के लिए इस एडवेंचर ट्रेकिंग शुरू होने जा रही है। लोकल टूरिस्ट गाइड की मदद से यहां पहली बार सुबह के समय ट्रेकिंग होगी। समूह के देवेंद्र पाल ने बताया, बारिश में देव हिल्स जाने का मार्ग लगभग बंद हो जाता है। मार्ग में कीचड़ होता है और पेड़ भी गिर जाते हैं। देव हिल्स समुद्र तल से लगभग 1500 की ऊंचाई में है। इसलिए यहां प्रकृति के बदलते मिजाज को करीब से देखा जा सकता है। एडवेंचर ट्रेकिंग में अचानकपुर से देव हिल्स तक 30 किमी तक पैदल चलना है। पहाड़ों की सीधी चढ़ाई करनी होगी। ट्रेकिंग का आनंद बारिश में है, इसलिए जुलाई से यह शुरू होगा। पहाड़ चढ़ने के उपकरण संस्था द्वारा दिए जाएंगे। बारिश में जंगल के नदी-नाले ओवरफ्लो रहते हैं। इसे पार करने के लिए मोटी रस्सी की व्यवस्था रहेगी। ट्रेकिंग के बीच खाने और रात रूकने की भी व्यवस्था रहेगी। प्रत्येक व्यक्ति 3 हजार शुल्क देना होगा।

# राष्ट्रीय म्यूथाई चैम्पियनशिप : छग के खाते में 4 स्वर्ण सहित 3 कांस्य पदक, 29 राज्यों के 850 खिलाड़ी हुए थे शामिल

रायपुर। राष्ट्रीय म्यूथाई चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस चैंपियनशिप में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों ने राजधानी पहुंचकर खेल मंत्री टंकराम वर्मा से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। खेल मंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामना दी। उन्होंने प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उनका हौसला बढ़ाया।



### अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक से प्राप्त है मान्यता

गौरतलब है कि असम के लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजूकेशन के स्टेडियम तेपेसिया, गुवाहाटी में 25 से 30 मई 2024 तक म्यू थाई चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 4 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक एवं 3 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीता है। म्यूथाई खेल को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक से मान्यता प्राप्त है तथा पेरिस ओलंपिक-2024 में डेमोंसट्रेशन के रूप में शामिल किया गया है। इस राष्ट्रीय चैपियनशिप में 29 राज्यों के लगभग 850 खिलाड़ी और अधिकारियो ने भाग लिया।

### इन्होंने हासिल किया पदक

राष्ट्रीय म्यू थाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में श्री राजकुमार, दिव्या अग्रवाल, तोषी पांडे और समिधा अग्रवाल का नाम शामिल है। इसी तरह कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों में शुभांश मानिकपुरी, प्रवीण जायसवाल और अर्चित केशवानी शामिल है। इसके अलावा जय कुमार, आर्यन पटेल, भावजोत सिंग बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। इस प्रतियोगिता में रायपुर स्थित विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फिटनेस क्लब, देवेंद्र नगर के 10 खिलाड़ियों ने कोच अमन यादव के नेतृत्व में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 4 स्वर्ण पदक और 3 कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया।

## आत्मानुभूति के जरिए समझाई जाएगी कर्मों की गहन गति

रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय शिविर का आयोजन आज से किया जाएगा। 'आओ खोलें खुशियों के द्वार' शिविर का मुख्य उद्देश्य तनावमुक्त और खुशनुमा जीवन देना है। तीन दिवसीय निःशुल्क शिविर 7 जून से 9 जून तक संचालित किया जाएगा। यह आयोजन विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में सुबह और शाम 7 बजे किया जाएगा। ब्रह्माकुमारी संस्थान में हैदराबाद से अनुभवी राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी राधिका दीदी के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर में आत्मानुभूति, परमात्मानुभूति, कर्मों की गहन गति, भारत के उत्थान और पतन की कहानी, राजयोग अनुभूति और समय की पहचान विषय पर व्याख्यान किया जाएगा। साथ ही श्रीमद् भागवत गीत का अभ्यास भी कराया जाएगा। तीन दिवसीय शिविर के समापन के पश्चात 10 जून से राजयोग अनुभूति शिविर का प्रारंभ किया जाएगा। यह शिविर 10 जून से 16 जून तक संचालित होगा। निःशुल्क शिविर में परिवार के प्रत्येक व्यक्ति लाभ उठा सकते हैं। शिविर में प्रवेश के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है।

परंपरागत रूप से हुई आराधना, महाआरती पश्चात विविध स्थानों में भंडारा

# अमावस्या में जगमग हुआ दरबार, भक्तों ने जलवाई अखंड ज्योति संध्या फूलों से विशेष श्रृंगार, तेल से हुआ शनिदेव का अभिषेक

कार्नर न्यूज

*रायपुर। ऊर्जा के प्रतिक शनिदेव के जन्मोत्सव की धूम ज्येष्ठ माह की अमावस्या यानी गुरुवार को दिनभर प्रमुख शनि मंदिरों में रही। शहर के सबसे प्राचीन शनिदेव मंदिर गोलबाजार व चूड़ी लाइन में जन्मोत्सव के अवसर पर शांति के लिए आराधना व तेल से अभिषेक करने भक्तों की भीड़ रही। महादेव घाट स्थित शनि मंदिर में 40 भक्तों ने शनि शांति के लिए अखंड ज्योति भी जलवाई। आराध्य देव का पूजा व श्रृंगार करने के बाद शाम को भक्त महाआरती में शामिल हुए। इसके चलते भक्ति व उल्लास का माहौल शनि मंदिरों में देखने को मिला। चूड़ीलाइन स्थित शनि मंदिर के पुजारी संजय शर्मा की अगवाई में भक्तिमय माहौल में उत्सव मनाया गया। इस मंदिर में पुरानी व्यवस्था के तहत परंपरागत रूप से सुबह पूजा-आरती और अभिषेक का दौर शुरू हुआ। वहीं शाम को फूलों से शनिदेव का विशेष श्रृंगार करने के बाद महाआरती की गई।*





### ढोल-ताशे की थाप पर भजन

कोटा स्थित शनि मंदिर के मुख्य पुजारी के मार्गदर्शन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने तेल से आराध्य देव का अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि हर साल की तरह सुबह 8 बजे से देर रात तक भक्तों का रेला दर्शन करने के लिए लगा रहा। इस बार जन्मोत्सव को खास बनाने के लिए ढोल-ताशे की थाप पर गायकों ने भजन भी पेश किया। वहीं दर्जनभर से ज्यादा लोगों ने ज्योति जलवाने का पुण्य लाभ भी लिया। यह ज्योत अमावस्या तिथि में जलेगी। कुछ इसी तरह का माहौल शंकर नगर स्थित शनि मंदिर में भी देखने को मिला।

### प्रातःकाल से पहुंचे उपासक

शनि गार्डन टिकरापारा स्थित मंदिर में दिनभर उत्सव का माहौल रहा। पुजारी बिरजू महाराज के मार्गदर्शन में स्थापित इस मंदिर में परंपरा के अनुसार विधि- विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह 8 बजे से तेल से अभिषेक करने के लिए उपासक पहुंचे। शाम को विशेष श्रृंगार करके आकर्षक स्वरूप दिया गया। हवन के बाद महाआरती की गई। इसके बाद भक्तों के लिए हर साल की तरह भोग-भंडारे का आयोजन किया गया।

### शनि शांति के लिए जलाई गई ज्योति

खारून तट पर स्थित महादेव घाट के शनि मंदिर में हर साल की तरह उपासकों ने शनि शांति के लिए अखंड ज्योत जलवाए। मंदिर के पुजारी स्वदीप मिश्रा ने बताया कि सुबह पूजा-आरती के बाद शनि देव को तेल से अभिषेक करने के लिए पहुंचे भक्तों से नियम का पालन करते हुए मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक करने का अवसर दिया गया। वहीं शाम को शनिदेव का फूलों से श्रृंगार करने के बाद लोग महाआरती में शामिल हुए। इसके बाद भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

सिट लाइव

## बालिकाओं संग गृहणियों को बौद्धिक स्तर बढ़ाने प्रशिक्षण



**रायपुर।** राष्ट्र सेविका समिति के रायपुर विभाग द्वारा बालाजी विद्या मंदिर में प्रारंभिक बालिका एवं गृहणी वर्ग का प्रशिक्षण आयोजन किया गया।जिसमें 57 बालिकाओं एवं 23 गृहणियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें मुख्य प्रशिक्षिका वैशाली दीदी और साथी रहे। बालिकाओं की वर्ग अधिकारी वर्षा मिश्रा और गृहणी वर्ग की अधिकारी अलका संत दीदी रहीं। राष्ट्र सेविका समिति का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक स्तर को बढ़ाना है। उनमें देशभक्ति सच्चरित्रता के गुणों का बीजारोपण करना है। इस वर्ग के द्वितीय दिवस में सुलभा ताई का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। समापन समारोह पर मुख्य अतिथि योजना एवं सांख्यिकी विभाग की उप संचालक प्राची मिश्रा रही। मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ प्रांत विमर्श प्रमुख रचना नायडू रही। राष्ट्र सेविका समिति के रायपुर विभाग की कार्यवाहिका बानीश्री चन्द्रवंशी ने बताया कि यह प्रशिक्षण प्रथम जून से प्रारंभ होकर पांच दिनों तक चला।

### तीन दिवसीय राज्यस्तरीय युवा सम्मेलन आज से

रायपुर में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन आज से किया जाएगा। 'लक्ष्य छत्तीसगढ़' शासन द्वारा पंजीकृत एक शैक्षणिक संस्था है। इसके द्वारा 7 से 9 जून तक रायपुर में राज्यस्तरीय युवा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में होगा, जिसमें कॉलेज स्तर के छात्र एवं संस्था सदस्यगण शामिल होंगे। तीन दिवसीय सम्मेलन के अंतर्गत प्रत्येक दिवस भिन्न-भिन्न विषयों पर चर्चा होगी। अतिथियों द्वारा वक्तव्य के अतिरिक्त छात्रों को भी अपने विचार प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा। कई सामाजिक विषयों पर परिचर्चा होगी।

एजूकेशन लाइव

## हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स ने मांगे आवेदन, 12 जून तक समय

**रायपुर।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की ओर से नॉन एग्जीक्यूटिव के रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती निकाली गई है। सरकारी नौकरी प्राप्त करने की कोशिश में लगे युवा इस भर्ती में शामिल हो सकते हैं। एचएएल की ओर से इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। आवेदन की लास्ट डेट 12 जून तय की गई है। ऐसे में इस भर्ती के लिए योग्यता रखने वाले युवा ऑफिशियल वेबसाइट hal-india.co.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही किया जा सकता है। इस भर्ती में चयनित होने के लिए उम्मीदवारों को सबसे पहले लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। लिखित परीक्षा में किए गए प्रदर्शन के आधार पर उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं अंत में मेडिकल एग्जामिनेशन में शामिल होना होगा। सभी चरणों में सफल अभ्यर्थियों को रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी।




### 182 रिक्त पदों पर होगी नियुक्तियां

इस भर्ती में आवेदन के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करना है और इसके बाद भर्ती से संबंधित लिंक पर क्लिक करके फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म भरने से पहले आपको पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा और उसके बाद अन्य डिटेल भरकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। रिक्त पदों में डिप्लोमा तकनीशियन व मैकेनिकल के 29 पद, डिप्लोमा तकनीशियन, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स व इंस्ट्रूमेंटेशन के 17 पद, ऑपरेटर फिटर के 105 पद, ऑपरेटर इलेक्ट्रीशियन के 26 पद, ऑपरेटर मशीनिस्ट के 2 पद, ऑपरेटर, वेल्डर के एक-एक पद, ऑपरेटर और शीट मेटल वर्कर के 2 पद शामिल हैं।

समाज इवेंट

## संगीतमय चौपाइयों संग गुरु आराधना, बताए जीवन दर्शन



**रायपुर।** श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी व भैरव सोसायटी में अमावस्या के अवसर पर विवेक सागर की पावन निश्रा में दादागुरुदेव की पूजा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न हुई । इस अवसर पर मुनि विवेक सागर ने कहा, दादागुरुदेव की पूजा जीवन में सुख-समृद्धि और शांति लाती है। इसके साथ धर्ममय जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने गुरुवर चरणों में हम चढ़ावें श्रद्धा सुमन... के माध्यम से जिनकुशल सूरि के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया, लाभार्थी परिवारों द्वारा अक्षत नारियल के साथ विधि विधान से मंत्रोच्चार के बाद पूजा की गई।

### महिलाओं ने पूर्ण किए ध्वज पूजन विधान

भजन गायक वर्द्धमान चोपड़ा ने संगीतमय चौपाइयों के द्वारा गुरु महिमा का बखान किया। इस दौरान प्राकृत के श्लोकों द्वारा 11 विधान में क्रमशः जल, चंदन, पुष्प, धूपदीप, अक्षत, नैवेद्य, फल और वस्त्र कलात्मक मार्बल की छतरी में विराजमान गुरुदेवों की मूर्तियों को भक्तगणों ने समर्पित किया। 10वें विधान ध्वज पूजा में महिलाओं ने चांदी की 11 ध्वजाओं को मस्तक पर रखकर चवंर धूपदीप के साथ छतरी की 3 फेरी पश्चात शिखर पर ध्वजाओं को चढ़ाया। ट्रस्टी डॉ.योगेश बंगानी ने बताया, 11वें विधान अर्घ्य पूजा में गुरु चरणों के अर्घ्य को समस्त भक्तों को प्रदानकर मंगलकामना लाभार्थी परिवारों द्वारा की गई।

राजधानी के मंदिरों व कॉलोनियों में महिलाओं ने समूह बनाकर पूर्ण किए व्रत नियम

# वट वृक्ष की आराधना कर बांधा कच्चा सूत, तपती धूप में 108 बार परिक्रमा, पुरोहितों ने सुनाए कथा प्रसंग

*सुहागिनों ने पति के दीर्घायु के लिए वट सावित्री की पूजा-आराधना करके यमराज से कामना की। व्रत करने वाली उपासकों ने सुबह 7 से 12 बजे के बीच अलग-अलग ग्रुप में सावित्री द्वारा सत्यावान के लिए किए गए व्रत नियम को करते हुए बरगद वृक्ष की पूजा-अर्चना करने के साथ ही कच्चे सुत से फेरी लगाई। महिलाओं ने महामाया मंदिर और सुरेश्वर महादेव पीठ सहित बूढ़ेश्वर चौक और रायपुरा सहित उद्यानों में स्थित बरगद वृक्ष की आराधना में समय बिताया। इससे बरगद वृक्ष के पास भक्तिमय माहौल रहा। कई स्थानों पर महिलाओं ने पुरोहितों को आमंत्रित करके कथा प्रसंग का श्रवण किया।*





**रायपुर।** ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर उत्सव सा माहौल रहा। व्रत के लिए मानसिक रूप से संकल्प लेने वाली महिलाएं गर्मी को ध्यान में रखते हुए 12 बजे से पहले ही पूजन सामग्री लेकर बरगद वृक्ष की पूजा करने के लिए समूह में पहुंची। समय स्थिति को देखते हुए कई महिलाओं के समूह ने घर में ही गमले में बरगद का पौधा रखकर व्रत नियम का पालन किया। महामाया मंदिर परिसर में बरगद वृक्ष की आराधना के लिए पहुंची पुरानी बस्ती क्षेत्र की महिलाएं आपसी तालमेल से पूजा-अर्चना करने के साथ ही वट सावित्री व सत्यवान के जीवन प्रसंग पर आधारित कथा सुनने के बाद घर लौटी। पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि पौराणिक मान्यता है कि सावित्री ने अल्प आयु पति सत्यवान का जीवन बचाने के लिए बरगद वृक्ष के नीचे व्रत किया था। इस नियम का पालन आज के दौर में सुहागिनें परंपरा के तहत करती हैं।

### हर क्षेत्र में पहुंची सुहागिनें

उन्होंने आगे बताया कि बरगद एक विशाल पेड़ होता है। इनका इस व्रत में बहुत गहरा महत्व है। कथा के अनुसार इसी वृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने पति को यमराज से वापस पाया था। सावित्री को देवी का रूप माना जाता है। हिंदू पुराणों में बरगद के वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास बताया जाता है। मान्यता के अनुसार ब्रह्मा वृक्ष की जड़, विष्णु वृक्ष का तना और शिव उपरी भाग में रहते हैं। माना जाता है कि इस वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा करने से सुहागिनों की मनोकामना पूरी होती है। इस पौराणिक मान्यता का पालन करने के लिए हर क्षेत्र में सुहागिनें समूह में व्रत नियम करने के लिए पहुंची।

### नव विवाहिताओं को बताए व्रत नियम

कचना मार्ग स्थित श्री सुरेश्वर महादेव पीठ में वट सावित्री का व्रत करने वाली महिलाओं का हुजूम बरगद वृक्ष के नीचे देखने को मिला। पूजा-अर्चना के बाद डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद के मार्गदर्शन में महिलाओं ने अपने सौभाग्य की कामना के लिए पूजा-अर्चना की। इसके बाद बरगद वृक्ष को कच्चे सूत से परिक्रमा करते हुए फेरी डालने की रस्म निभाई। इसके बाद महाराज से अलग-अलग समय में 2 हजार से ज्यादा महिलाओं ने सत्यवान-सावित्री का कथा प्रसंग को सुनाया। इसके बाद भगवान शंकर की आरती हुई। पूजा में शामिल सुहागिनों को पोहा वितरित किया गया। नव विवाहिताओं को व्रत नियम बताए गए।

### बिना नमक की पुड़ियां और चनों का भोग

रायपुरा स्थित शिव विहार कॉलोनी, बूढ़ेश्वर चौक, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, सुंदर नगर सहित शहर के लगभग सभी क्षेत्रों में महिलाएं अलग-अलग ग्रुप में पहुंची। लोटा में जल लेकर तीन बार परिक्रमा करते हुए जल अर्पित किया। फिर शुद्ध आसन पर बैठ कर बरगद वृक्ष के नीचे चौकी व पाटा में गौरी गणेश, कलश स्थापित करके पूजा नियम पूर्ण किया। बांस से बने पंखे में चंदन से सत्यवान सावित्री की छवि बनाकर रखने के बाद स्नान, चंदन, पुष्प, धूप, दीप नैवेद्य से पूजन किया गया। नैवेद्य में भींगे हुए 12 चने, बिना नमक की 12 पूड़ी, 12 गुलगुला भजिया, 12 आम व 12 शकरकंद सहित श्रृंगार सामग्री भी सावित्री को अर्पित किया गया।

## बच्चों को घर जैसा माहौल देने स्कूलों में खास सजावट पंडितों की अगवाई में नन्हे शुरू करेंगे विद्यार्थी जीवन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरुआत 16 जून से हो रही है। शहर स्थित शासकीय और निजी विद्यालयों में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। प्रदेश में प्रवेशोत्सव 18 जून को मनाया जाएगा। कई विद्यालय में विद्यार्थियों के स्वागत के लिए वेलकम पार्टी आयोजित की गई है। **जेआर दानी गर्ल्स स्कूल** के प्राचार्य डॉ.हितेश कुमार दीवान ने बताया, शाला प्रवेशोत्सव के लिए विद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई का कार्य जारी है। 18 जून को छठवीं से आठवीं के बच्चों को किताब वितरण किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया जाएगा। इस दौरान फल, मिठाई व अन्य व्यंजन को शामिल किया जाएगा। प्रवेश उत्सव में बच्चों के साथ माता-पिता को भी आमंत्रित किया जाएगा।

**शाला प्रवेशोत्सव : शासकीय संग निजी विद्यालयों में तैयारियां**

### गतिविधियों पर होगी चर्चा

**श्री बालाजी विद्या मंदिर स्कूल** की प्राचार्य डॉ.फ्रेनी जय प्रकाश ने बताया, 14 जून से स्कूल प्रारंभ हो जाएगा। साथ ही 15 जून से पैरेंट्स की काउंसलिंग की जाएगी, जिसमें बच्चों की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। 18 जून से नियमित रुप से बच्चों की पढ़ाई चालू हो जाएगी। शाला प्रवेशोत्सव में नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 के विद्यार्थियों के लिए विशेष आयोजन किया गया है। पंडितों की अगवाई में विद्यार्थी छात्र जीवन की शुरुआत करेंगे। परिजनों के साथ विद्यार्थी शामिल होंगे।




### नए बदलाव और अनुशासन से परिचय

**इंद्रप्रस्थ स्थित शिवम एजूकेशनल एकेडमी** के प्राचार्य विनोद कुमार पांडे ने बताया, स्कूल परिसर में 1 जून से लगातार साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। प्रवेशोत्सव से पहले शिक्षकों द्वारा क्लास रूम को गुब्बारों से सजाया जाएगा। साथ ही विभिन्न एक्टिविटी कराई जाएगी। **वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल** के डायरेक्टर मुकेश शाह ने बताया, प्रवेशोत्सव के लिए स्कूल परिसर में तैयारी जारी है। नए सत्र की शुरुआत के पहले दिन बच्चों से नए बदलाव एवं स्कूल के अनुशासन पर चर्चा की जाती है। साथ ही नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 के बच्चों के लिए गेम्स एक्टिविटी कराई जाएगी।

### सजाए जाएंगे प्रवेश द्वार

**नरधा स्थित ज्ञान गंगा एजूकेशनल एकेडमी** के शिक्षक सतीश ने बताया, विद्यालय प्रवेश के अवसर पर शिक्षकों द्वारा तैयारी की जा रही। छोटे बच्चों के स्वागत के लिए प्रवेश गेट को सजाया जाएगा, साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही अप्रैल माह में पढ़ाया गए पाठ और पिछली कक्षा के विषय का रिविजन कराया जाएगा। **माना बस्ती स्थित ब्लॉसम स्कूल** के प्राचार्य भीम सेन साहू ने बताया, प्रवेशोत्सव से पहले विद्यालय में रंग-रोगन का कार्य जारी है। साथ ही स्कूल परिसर में साफ-सफाई का काम किया जा रहा है। छोटे बच्चों के क्लास रुम को आकर्षक रुप से तैयार किया जा रहा है, जिसमें कार्टून कैरेक्टर के साथ कई तरह की पेंटिंग की जा रही है।

## कोर्टरूम की जिरह छोड़कर वकीलों ने छेड़े सुर-तान

**रायपुर।** जिला अधिवक्ता संघ द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर न्यायालय परिसर में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी ने एक से बढ़कर एक गाने की प्रस्तुति दी और गीत संगीत का माहौल बना दिया। गायन प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में अधिवक्ता पारस नायक प्रथम स्थान रहे, जिन्होंने फिल्म अमर अकबर एंथोनी का गाना परदा है, परदा है... गाकर अधिवक्ताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। अधिवक्ता संजीव शुक्ला ने फिल्म राम लखन का का गाना ए जी... ओ जी...लोजी सुनोजी... गाकर अधिवक्ताओं का दिल जीत लिया। महिला वर्ग में अधिवक्ता लक्ष्मी वर्मा दिल है कि मानता नहीं... गाना गाकर प्रथम स्थान पर रहीं। अधिवक्ता एम लक्ष्मी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव अधिवक्ता परस राम कश्यप ने बताया, गायन प्रतियोगिता में जज महाकौशल कला परिषद के घनश्याम शर्मा और संगीतज्ञ ए.जगन्नाथ राव रहे।



### अधिवक्ताओं में है कला का भंडार

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी ने कहा, अधिवक्ताओं में कला का भंडार है, जिसे बाहर लाकर निखारने की आवश्यकता है। इस प्रकार के आयोजन से प्रतिभा सामने आती है आने वाले समय में इस कार्यक्रम को और भी बेहतर तरीके से आयोजित करते हुए अधिवक्ताओं को मंच प्रदान किया जाएगा। सचिव अरूण मिश्रा ने कहा, सालभर अधिवक्ता अपने पक्षकारों को न्याय दिलाने के लिए कार्य करते हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश में अधिवक्ताओं के कला के संबंध में अनेक आयोजन होते हैं, जिसमें वे प्रस्तुति देते हैं। रितु बुंदेल, श्रीकांत मिश्रा, अपूर्व कुमार, गायत्री साहू, भजन जांगड़े सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

22 जून को महास्नान के बाद बीमार पड़ेंगे प्रभु जगन्नाथ

# पुरी से मंगाई गई 20 किलो औषधि, इन्हें पीसने का कार्य प्रारंभ, प्रतिदिन चढ़ाया जाएगा तीन किलो काढ़ा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर शहर के जगन्नाथ मंदिरों में तैयारी जारी है। शहरवासी जगन्नाथ यात्रा के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महास्नान के बाद श्रद्धालु कुछ दिनों के लिए भगवान के दर्शन नहीं कर पाएंगे। अन्य वर्ष के मुकाबले इस वर्ष मंदिर में अधिक रौनक देखने को मिल रही है, जिसके लिए जगन्नाथ पुरी से विभिन्न सामाग्री मंगाई जा रही है। शहर के 400 साल से अधिक पुराने मंदिरों में भगवान जगन्नाथ का मंदिर भी शामिल है। यह पुरानी बस्ती के टूरी हटरी में मौजूद है, जहां भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलराम के साथ विराजमान हैं। मंदिर में प्रत्येक वर्ष जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर रथ यात्रा निकाली जाती है। जिसके लिए मंदिर प्रांगण में माहभर पहले से तैयारी जारी है। अगले माह 7 जुलाई को शहर में भव्य रुप से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी, जिसके लिए नवनिर्मित रथ तैयार किया जा रहा है।





### सौंठ और गुड़ भी शामिल

औषधियुक्त काढ़ा में आमी हल्दी, सौंठ, कालीमिर्च, जायफल, अजवाइन, करायत, गुड़ इत्यादि को शामिल किया जाता है। जिसे भगवान जगन्नाथ के लिए बीमार होने पर तैयार किया जाता हैं। मंदिर में काढ़ा तैयार करने की विभिन्न औषधि जगन्नाथ पुरी से मंगाई गई है, जिसे पीसने का काम अभी से प्रारंभ हो चुका है। महास्नान के पश्चात रोजाना 3 किलो काढ़ा का भोग भगवान को लगाया जाएगा, जिसके लिए लगभग 20 किलो से अधिक औषधि पुरी से लाई गई है।

### 22 जून को महास्नान की तैयारी शुरू

मंदिर के पुजारी राम छवि ने बताया, 22 जून को मंदिर परिसर में महास्नान किया जाएगा। इस दिन भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा को साल में एक बार स्नान कराया जाता है, जिसके पश्चात भगवान कुछ दिनों के लिए अस्वस्थ्य हो जाते हैं। भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलराम की तबीयत खराब होने पर पुजारियों द्वारा सेवा-सत्कार किया जाता है।

### महास्नान के पश्चात रंग-रोगन

महास्नान के बाद भगवान की मूर्तियों में लगा रंग निकलने लग जाता है, जिसके लिए जगन्नाथ पुरी से दो व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। जो भगवान को प्रतिमा को रंग-रोगन करेंगे। प्रत्येक वर्ष इन कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है, जिनके द्वारा महास्नान के पश्चात मंदिर में रंग-रोगन का कार्य किया जाता है।

### 22 के बाद बंद होंगे कपाट

अन्य मंदिरों में भी तैयारियां प्रारंभ है। योगेश्वर कृष्ण दास ने बताया, सुंदर नगर स्थित इस्कॉन मंदिर में भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के लिए जोरो-शोरो से तैयारी चल रही है। इस वर्ष भव्य रुप से रथ यात्रा निकाली जाएगी, 22 जून को स्नान यात्रा के बाद मंदिर प्रांगण के कपाट भक्तों के लिए बंद कर दिया जाएगा। जिसके बाद विभिन्न औषधि से तैयार काढ़ा का भोग भगवान को लगाया जाएगा। भगवान के स्वस्थ्य होने के बाद 7 जुलाई को कपाट खोला जाएगा और यात्रा प्रारंभ की जाएगी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप से खुलेगी आस्ट्रेलिया की राह



**रायपुर।** वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया छत्तीसगढ़ एसोसिएशन के तत्वाधान में 16 जून को ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर, रायपुर में स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवम महासचिव हेमंत परमाले ने बताया कि स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम का गठन किया जाएगा। जिसमे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी उज्जैन में 3 से 7 जुलाई को नेशनल पावर लिफ्टिंग की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जहा से आस्ट्रेलिया के लिए चयन होगा। इसमें छत्तीसगढ़ से 3 से 5 खिलाड़ी का आस्ट्रेलिया जाना लगभग तय है। इस प्रतियोगिता में अपने अपने ग्रुप के सर्वाधिक वजन उठाने वाले खिताबधारी खिलाड़ी को 21000 नगद इनाम के साथ आकर्षक मेडल एवम मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता उम्र और वजन के आधार पर होगी, इसलिए सभी प्रतिभागी को आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

### सीसीपीएल का फिक्सचर जारी, ओपनिंग मैच में आज बिलासपुर बुल्स टकराएंगे रायपुर राइनोस से




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आगामी 7 से 16 जून तक रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में होने वाले छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का फिक्सचर जारी कर दिया गया है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला बिलासपुर बुल्स और रायपुर राइनोस के मध्य 7 जून को शाम 8 बजे से खेला जायेगा। ज्ञात हो स्पर्धा में एंट्री पूर्णतः फ्री रखी गई है। स्पर्धा में प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे। जिसमे पहला दोपहर बाद 3.15 बजे व दूसरा शाम 7.15 बजे से आयोजित होगा। टूर्नामेंट के सभी मैचेस को सोनी टीवी पर लाइव देखे जा सकते है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आगामी 7 से 16 जून तक आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग मुकाबले के लिए सभी टीम अपने सम्बंधित जिला संघ में इस लीग में बेहतर परफॉरमेंस के लिए पसीना बहा रहे है। ज्ञात हो इस मुकाबले में सीएससीएस के टॉप खिलाड़ियों को अलग अलग 6 टीम में बांटा गया है जिनके बीच यह टूर्नामेंट रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेले जायेंगे। सीएससीएस द्वारा जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है कि इन मुकाबलों का लुत्फ़ उठाने जो दर्शक आएंगे उनके द्वारा दर्शक दीर्घा में आये 6 रन वाली गेंद को जो भी लपकने में कामयाब होंगे उन्हें 10 हज़ार का इनाम दिया जायेगा।

### अंडर 16 एलिट ग्रुप क्रिकेट स्पर्धा का चैंपियन बना रायपुर



रायपुर। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा जारी अंडर 16 एलिट ग्रुप क्रिकेट स्पर्धा में रायपुर और दुर्ग के बीच फाइनल मुकाबला भिलाई में खेला गया। दुर्ग ने टॉस जीतते हुए पहले बैटिंग का फैसला किया। दुर्ग ने 61.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 159 रन बनाये। रायपुर ने पहली पारी में खेलते हुए 141 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 468 रन बनाये। रायपुर की तरफ से हर्षित यादव ने 135 रन और वेदांश खेड़िया ने शानदार 122 रन और अमेया मोरे ने 84 रनो का योगदान दिया। दुर्ग की तरफ से चन्द्रांश यादव ने 4 विकेट झटके। तीसरे दिन की समाप्ति तक रायपुर 309 रन की बढ़त बनाए। चौथे और अंतिम दिन का खेल पिच के गीले होने की वजह से नहीं खेला जा सका और रायपुर की टीम पहले दिन की बढ़त के आधार पर जीतने में कामयाब रही।

---

पहले वृद्धावस्था के लक्षण में गिना जाता था गठिया को, अब हालात बदल गए

# अपनी दिनचर्या नहीं सुधारी तो कम उम्र में शिकार हो सकते हैं गठिया के, सावधानी बरतें

आर्थराइटिस यानी गठिया की समस्या को एक दशक पहले तक उम्र बढ़ने के साथ होने वाली दिक्कत के रूप में जाना जाता था, हालांकि अब कम उम्र के लोग भी इसके शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हड्डियों में कमजोरी और इससे संबंधित समस्याओं को बढ़ते हुए देखा जा रहा है। आर्थराइटिस की समस्या के कारण रोजमर्रा के कार्यों में बाधा आ सकती है, ये जीवन की गुणवत्ता को भी प्रभावित करने वाली हो सकती है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले एक दशक में 35 से कम आयु वालों में आर्थराइटिस के मामले तेजी से बढ़ते देखे गए हैं। युवाओं में ऑस्टियोआर्थराइटिस के लिए अधिक वजन या मोटापा को प्रमुख कारण माना जाता रहा है। आइए जानते हैं कि इसके और क्या कारण हो सकते हैं और इससे बचाव के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए?



### गठिया के बढ़ते मामले

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया अधिक वजन की स्थिति जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव डालती है, जिससे गठिया का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा गतिहीन जीवनशैली, ज्यादा देर तक बैठे रहना या व्यायाम न करना भी इस समस्या का कारण बन सकती है।
जीवनशैली में कुछ बदलाव करने से गठिया होने का जोखिम काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि कौन सी आदतें आर्थराइटिस का कारण बन सकती हैं?



### धूम्रपान करते हैं तो हो जाएं सावधान

धूम्रपान की आदत को आर्थराइटिस के प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है, ये रूमेटाइड अर्थराइटिस के बढ़ते जोखिमों के लिए भी जिम्मेदार पाया गया है। धूम्रपान के कारण जोड़ों में कठोरता बढ़ने का जोखिम रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, धूम्रपान छोड़ने से इसके जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया धूम्रपान करने वाले लोगों को जोड़ों की सेहत को लेकर और भी सावधानी बरतते रहने की जरूरत होती है।

### वजन को कंट्रोल रखना जरूरी



अधिक वजन को जोड़ों के लिए समस्याकारक माना जाता है इससे अर्थराइटिस, विशेष रूप से ऑस्टियोआर्थराइटिस का जोखिम बढ़ जाता है। स्वस्थ वजन बनाए रखने से गठिया होने के खतरे को काफी कम किया जा सकता है। वजन को कम रखने के लिए स्वस्थ और पौष्टिक आहार के सेवन के साथ-साथ नियमित व्यायाम करने से भी लाभ मिल सकता है। वजन प्रबंधन में नियमित शारीरिक गतिविधि को सबसे प्रभावी है।

### नियमित व्यायाम षबहुत जरूरी

शारीरिक गतिविधि जोड़ों की गतिशीलता को बनाए रखने, मांसपेशियों को मजबूत करने और समग्र स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। यह एंडोर्फिन के स्राव को भी बढ़ावा देता है, जो दर्द को प्रबंधित करने में मदद कर सकता है। अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम जैसे वॉकिंग, साइकिल चलाना, तैराकी या योग को शामिल करें। व्यायाम की आदत बनाने से वजन को कंट्रोल रखना और जोड़ों की समस्याओं को कम करना दोनों आसान हो सकता है।

---

## पत्तल में खाना खाने से ग्रह दोषों से मिल सकता है छुटकारा, जानें महत्व



भारत में आज भी गांव में पत्तल में खाना खाने के परंपरा है। इतनी ही नहीं शादी-ब्याह में भी बारातियों को विशेष रूप से पत्तल में भोजन कराया जाता है। पत्तल में खाना खाने स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। साथ ही व्यक्ति को शुभ परिणाम मिल सकता है। बता दें, पत्तल में खाना खाने के परंपरा प्रचीन काल से चली आ रही है। वहीं ज्योतिष के लिहाज से पत्तल में खाना खाने का संबंध ग्रहों से है। अब ऐसे में आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि पत्तल में खाना खाने का महत्व क्या है।

### पत्तल में खाना खाने का ज्योतिष महत्व क्या है?

ज्योतिष शास्त्र में पत्तल में खाना खाने से ग्रहों की स्थिति मजबूत हो सकती है। इससे व्यक्ति को जीवन में चल रही परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है। इसके अलावा देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। ऐसी मान्यता है कि अगर किसी जातक की कुंडली में शनि की साढ़ेसाती है, तो उसे पत्तल में खाना जरूर खाना चाहिए। इससे लाभ हो सकता है। बता दें, पलाश के पत्ते में खाना खाने से आरोग्य की प्राप्ति हो सकती है। केले के पत्ते में भोजन करने से पुण्य फलों की प्राप्ति हो सकती है।


### पत्तल में खाना खाने का धार्मिक महत्व क्या है?

पत्तों को प्रकृति और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। जो शुद्धता को दर्शाता है। पत्तल में खाना खाने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है। साथ ही व्यक्ति को शुभ परिणाम भी मिल सकता है। वहीं पत्तल में खाना विनम्रता को दर्शाता है। यह व्यक्ति को सिखाता है कि जीवन में हमेशा सरल चीजों पर ध्यान केंद्रित करने से शुभ परिणाम मिल सकता है। बता दें, पत्ते बायोडिग्रेडेबल होते हैं, यानी कि जो पर्यावरण को प्रदूषित नहीं करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ऋग्वेद में, पत्तों को 'पर्ण' कहा जाता है और उन्हें पवित्र भोजन ग्रहण करने के लिए उत्तम माना गया है। रामायण में, भगवान राम और सीता वनवास के दौरान पत्तों पर भोजन करते थे। महाभारत में, पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध के दौरान, दोनों पक्षों के सैनिक पत्तों पर भोजन करते थे। इससे आश्य है, कि पत्ते में खाना सभी के लिए समान है। वहीं देवी-देवताओं को पत्ते में भोजन अर्पित करना स्वीकार्य माना जाता है।

### पत्तल में खाना खाने का वैज्ञानिक महत्व क्या है ?

पत्तलग में खाना खाने से स्वास्थ्य में लाभ हो सकता है। जैसे कि केले के पत्ते में एंटीऑक्सीडेंट और कई पोषक तत्व भी शामिल होते हैं। जो स्वास्थ के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकते हैं। पत्तल में खाना खाने से पाचन क्रिया में भी सुधार हो सकता है।

## हर शिव मंदिर में रखे त्रिशूल पर क्यों बंधा होता है लाल कपड़ा?



अक्सर ऐसा देखा जाता है कि हर शिवालय में भगवान शिव के प्रतीकों की स्थापना की जाती है। भगवान शिव के यूं तो कई प्रतीक हैं, लेकिन मुख्य रूप से हर शिव मंदिर में आपको त्रिशूल रखें अवश्य दिख जायेंगे। शिव मंदिर में या तो त्रिशूल की स्थापना होती है या फिर त्रिशूल रखने का विशेष स्थान बनाया जाता है। वहीं, अगर आपने कभी गौर किया हो तो शिवालय में गढ़े या रखे त्रिशूल पर लाल रंग का कपड़ा बांधा जाता है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य पं. विजयकांत भट्ट से जानते हैं कि क्यों लाल कपड़े को त्रिशूल पर लपेटा जाता है और क्या है इसका महत्व।

### त्रिशूल पर लाल कपड़ा क्यों बांधते हैं?

ऐसा माना जाता है कि लाल रंग का संबंध मंगल ग्रह से है और मंगल ग्रह की उत्पत्ति भगवान शिव की मुस्कान से हुई है। ऐसे में भगवान शिव के पुत्र के समान ही माने जाते हैं मंगल ग्रह। पौराणिक कथा कहती है कि मंगल ग्रह ने घोर तप करके भगवान शिव के समीप रहने का वरदान मांगा था।

भगवान शिव ने जब मंगल ग्रह से कहा कि ग्रहों के चक्र से वह दूर हैं तो ऐसे में कैसे किसी ग्रह को वह अपने साथ रख सकते हैं तब मंगल ने भगवान शिव से आग्रह किया था कि मंगल के किसी प्रतीक को वह अपने किसी प्रतीक से जोड़ दें। तब शिव जी ने लाल रंग को अपने त्रिशूल से जोड़ा।

भगवान शिव ने लाल रंग का कपड़ा लेकर अपने त्रिशूल से बांधा और तभी से यह प्रथा बन गई कि त्रिशूल पर लाल कपड़ा बांधा जाए। हालांकि ज्योतिष में इसका महत्व इस रूप में माना जाता है कि लाल रंग का कपड़ा त्रिशूल पर बांधने से मंगल ग्रह मजबूत होता है और दोष दूर हो जाता है।

---



## होटल के रूम में अच्छी नींद नहीं आती तो फॉलो करें ये टिप्स

फिलहाल छुटिटयों का मौसम है और यात्रा के दौरान होटल में सोना कभी-कभी चुनौती भरा हो सकता है, लेकिन कुछ सुझावों का पालन करके आप अपने अनुभव को बेहतर बना सकते हैं। होटल के रूम में नींद न आने की समस्या आम है, लेकिन कुछ आसान टिप्स को फॉलो करके आप अच्छी नींद पा सकते हैं। यहां कुछ प्रभावी सुझाव दिए गए हैं जो आपको होटल के कमरे में बेहतर नींद लेने में मदद कर सकते हैं।

### कमरे का चयन करना

सबसे पहले ये कोशिश करें कि ऊपरी मंजिल पर मौजूद कमरा चुनने से शोर कम होता है और नींद अच्छी आती है। होटल में कमरा लेने से पहले कमरे का जगह जरूर देख लें। यह तय करें कि आपका कमरा शोर वाले क्षेत्रों जैसे निकास द्वार, लिफ्ट और वेंडिंग मशीन से दूर हो। कमरे में पर्याप्त अंधेरा होना चाहिए। अगर पर्दे पूरी तरह से प्रकाश को रोक नहीं पाते हैं, तो आप आंखों पर नींद की पट्टी पहन सकते हैं। कमरे का तापमान ठंडा रखें, ध्यान रखें ये 18 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच हो।

### सोने से पहले कमरे की रोशनी को कम रखें, ताकि आपकी नींद में कोई बाधा न हो

ज्यादा लाइट की व्यवस्था नींद में बाधा डाल सकती है, क्योंकि यह आपके शरीर के प्राकृतिक नींद-जागने के चक्र को बाधित करती है। जब आप सोते हैं, तो आपका शरीर मेलाटोनिन नामक हार्मोन का उत्पादन करता है, जो आपको शांत और नींद में मदद करता है। प्रकाश मेलाटोनिन के उत्पादन को कम कर सकता है, जिससे सोना और सोते रहना मुश्किल हो जाता है। कार्बन फिल्टर वाली लाइट्स आपके कमरे की रोशनी को स्मूथ कर सकती हैं, जो नींद के लिए उपयुक्त होती है। धीमी और गर्म रोशनी का उपयोग करने से आपके मस्तिष्क को शांति मिलती है और सोने में मदद मिलती है।
इसके लिए चाहें, तो बेडरूम की सभी लाइटें बंद कर दें, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी भी शामिल है। अगर आपको थोड़ी रोशनी की जरूरत है, तो नाइट लाइट या रेड लाइट बल्ब का इस्तेमाल करें। अपने बेड रूम की खिड़कियों पर ब्लैक आउट पर्दे या अंधेरे रंग के पर्दे लगाएं।



### अच्छी नींद के लिए इयरप्लग का इस्तेमाल करें

अगर आप शोर से आसानी से परेशान हो जाते हैं, तो बेहतर नींद के लिए सिलिकॉन इयरप्लग का इस्तेमाल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। शोर नींद में बाधा डाल सकता है और आपके नींद की गुणवत्ता को कम कर सकता है। इयरप्लग बाहरी शोर को कम कर सकते हैं, जिससे आपको सोना और सोते रहना आसान हो जाता है। ये आपको हवाई यात्रा के दौरान या होटल के कमरे में सोने में मदद कर सकते हैं, जहां शोर का स्तर अधिक हो सकता है।

### रात के समय भारी भोजन करने से बचें

रात के समय भारी भोजन करने से बचना महत्वपूर्ण है, खासकर यात्रा के दौरान। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारी भोजन पचाने में अधिक समय लेता है और पेट में परेशानी पैदा कर सकता है, जिससे सोना मुश्किल हो जाता है। सोने से कम से कम दो घंटे पहले भोजन करें। इससे आपके शरीर को भोजन को पचाने और सोने के लिए तैयार होने का समय मिलेगा। हल्का और पौष्टिक भोजन चुनें।

---

# घर पर बच्चों के साथ करें इंटरेस्टिंग एक्टिविटीज, डबल हो सकता है छुट्टियों का मजा

### गर्मी की छुट्टी को कैसे बनाएं खास?

अगर आप छुट्टी में घर पर ही कुछ स्पेशल करने की सोच रहे हैं, तो आप सबसे पहले बच्चों के साथ बैठकर उनसे उनकी फेवरेट खाने-पीने और खेलने आदि की चीजों के बारे में पूछें। इसके बाद, आप समय के अनुसार एक कैलेंडर तैयार कर लें और उसे रोजाना फॉलो करें। यह उन्हें व्यस्त रखने और छुट्टियों का आनंद लेने में मदद कर सकता है। इसके बाद गेम के बारे में विचार करें।



### बोर्ड गेम्स और पजल्स

बच्चों की छुट्टियों को स्पेशल और मजेदार बनाने के लिए आप लूडो, कैरम, सांप सीढ़ी, चेस बोर्ड, पजल्स जैसे इंटरेस्टिंग गेम्स खेल सकते हैं। यह बच्चों के साथ समय बिताने और उनके दिमाग को एक्टिव और क्रिएटिव बनाने का एक शानदार तरीका हो सकता है। इन गेम्स के लिए दोपहर का समय आप तय कर सकते हैं।

### मजेदार तरीके से कराएं पेंटिंग का टास्क

बच्चों को कला में इंटरेस्ट न भी हो तो उन्हें आसान पेड़, चांद, सूरज आदि का चित्र बनाकर उन्हें कलर करने का टास्क दें। इससे बच्चों में क्रिएटिविटी थिंकिंग और क्षमता बढ़ सकती है। साथ ही, इसके साथ ही बच्चों को ड्राइंग के लिए गिफ्ट देने का लालच भी दे सकते हैं। इससे वे और भी अच्छी पेंटिंग कर सकते हैं और कौशल विकास भी हो सकता है।

### बच्चों के साथ बनाएं डीआईवाई क्राफ्ट्स

बच्चों के साथ घर पर डीआईवाई (डू इट योरसेल्फ) क्राफ्ट्स बना सकते हैं। इसके लिए आप आप पुराने सामानों का उपयोग करके नए और दिलचस्प क्राफ्ट्स बना सकते हैं। इसमें बच्चों का मन भी लगा रहेगा और उनकी छुट्टियों के दिन भी मजेदार बीतेंगे।

### घर में बच्चों के साथ पौधे लगाना

गर्मी की छुट्टी में बच्चों का मन लगाने के लिए आप उन्हें पौधा लगाना भी सीखा सकते हैं। बच्चों को तो वैसे भी मिट्टी और पानी से खेलना पसंद होता है। ऐसे में, खेल-खेल में बच्चे पौधे लगाना भी सीख जाएंगे और उनके लिए पौधा लगाना एक इंटरेस्टिंग गेम जैसा भी हो सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## इंतजार हुआ खत्म, ओटीटी पर उठाएं गॉडजिला माइनस वन का लुत्फ



फिल्म गॉडजिला माइनस वन की स्ट्रीमिंग भारत में शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्देशन और लेखन तकाशी यामाजाकी ने किया है। दुनियाभर में धमाल मचाने वाली यह फिल्म भारत में बड़े पर्दे पर रिलीज नहीं हो सकी थी। हालांकि, अब इस फिल्म का लुत्फ भारतीय दर्शक ओटीटी पर उठा सकते हैं। गॉडजिला माइनस वन को मूल रूप से पिछले साल सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। दुनियाभर में इस फिल्म की जमकर प्रशंसा हुई थी। वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने बंपर कमाई की थी। भारी मांग के बावजूद फिल्म के निर्माता इसे भारत में रिलीज करने असफल रहे थे। पीवीआर आईनॉक्स पिक्चर्स के माध्यम से इस फिल्म को भारत में प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया था, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी थी और फिल्म को बड़े पर्दे पर नहीं दिखाया जा सका था। भले ही भारतीय दर्शक बड़े पर्दे पर इस फिल्म को न देख सके हों, लेकिन नेटफ्लिक्स ने फिल्म को भारतीय दर्शकों के लिए अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इसे जारी कर दिया है। फिल्म को अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषा में स्ट्रीम किया जा सकता है। लगभग डेढ़ करोड डॉलर के बजट में बनी गॉडजिला माइनस वन ने दुनियाभर में 11.5 करोड़ डॉलर से अधिक की कमाई के साथ बॉक्स-ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की है। यह सबसे अधिक कमाई करने वाली जापानी गॉडजिला फिल्म है। साथ ही, इसे फ्रैंचाइजी की सभी 37 फिल्मों में सबसे बेहतरीन फिल्म भी माना गया है।

### टॉलीवुड

## आज लॉन्च होगा प्रभास की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का ट्रेलर इस शहर में



फिल्मी गलियारे में 'कल्कि 2898 एडी' की चर्चा जोरों-शोरों से हो रही है। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसका देश भर में दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर जबर्दस्त उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म के निर्माता भी अब विभिन्न तरीकों से फिल्म की मार्केटिंग शुरू कर चुके हैं। फिल्म के कई नए पोस्टर साझा करने के बाद फिल्म के दो प्रमुख किरदार भैरवा और बुज्जी की एक एनमिटेड सीरीज भी लॉन्च की गई। इस सीरीज के बाद लोगों की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ गई है। मशहूर अभिनेता प्रभास की इस फिल्म को नाग अश्विन निर्देशित कर रहे हैं। यह भारतीय संस्कृति पर आधारित एक साइंस फिक्शन फिल्म होगी। फिल्म की रिलीज की तारीख 27 जून 2024 रखी गई है। अब फिल्म के ट्रेलर रिलीज करने संबंधित खबरें तेजी से फैल रही हैं। सोशल मीडिया के अनुसार, फिल्म की टीम मुंबई में ट्रेलर को रिलीज करने की योजना बना रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म का ट्रेलर 7 जून को रिलीज किया जा सकता है। इस हाई बजट और उच्च स्तरीय वीएफएक्स वाली फिल्म में कई बड़े कलाकार नजर आएंगे। फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण, दिशा पाटनी आदि कई कलाकार नजर आने वाले हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसे कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का बजट 600 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है।

### भोजपुरी


## विक्रांत की 'सौतन' करेगी धमाका, ट्रेलर देख फैंस बोले



विक्रांत सिंह राजपूत, संचिता बनर्जी और रितु सिंह स्टारर 'सौतन' फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'सौतन' में विक्रांत दो पत्नियों के बीच फंसे हैं और घरवालों के दबाव में शादी कर लेते हैं। जिस पत्नी को विक्रांत ने मरा समझा, वो उनकी दूसरी शादी के बाद वापस लौट आती है। भोजपुरी फिल्मों के स्टार विक्रांत सिंह राजपूत, रितु सिंह, संचिता बनर्जी और देव सिंह की नई फिल्म 'सौतन' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं, जबकि निर्देशक अजय कुमार झा हैं. यह फिल्म पूरी तरह से पारिवारिक है और अनोखी घटना पर बनी है। यह फिल्म दर्शकों को न सिर्फ हंसाएगी और गुदगुदाएगी बल्कि भावुक भी कर देगी। 'सौतन' का ट्रेलर दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी है और इसे यूट्यूब पर गजब का रिएक्शन मिला है। इसके डायलॉग और गाने भी मजेदार हैं। 'सौतन' को लेकर निर्माता प्रदीप सिंह ने कहा, 'यह प्रेम, संघर्ष और समर्पण की एक अनूठी कहानी है, जिसे हमने बड़े ही जुनून और मेहनत से तैयार किया है।

## दुल्हन वही जो...

शीर्ष फैशन डिजाइनरों के तैयार डिजाइनों को प्रस्तुत करने इंडियन ब्राइडल फैशन वीक प्रसिद्ध फैशन शो में से एक है जो साल में दो बार आयोजित किया जाता है। रैंप शो इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण है, जिसमें नवीनतम रुझानों और डिजाइनों को प्रदर्शित किया जाता है। हेरिटेज ब्रांड, बॉलीवुड सुपरस्टार और फैशन ट्रेंडसेटर सभी इंडिया ब्राइडल फैशन वीक में नियमित रूप से भाग लेते हैं। ऐसे ही एक शो में अभिनेत्री सोनम कपूर की यह अदा दर्शकों को भा गई।



लाइफ स्टाइल

# पैरों की खूबसूरती के लिए ही नहीं इसलिए भी जरूरी होता है पेडिक्योर

अक्सर लोग बदलते मौसम के साथ अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे स्किन अच्छी रहती है। साथ ही, हम खूबसूरत नजर आते हैं। लेकिन पैरों की खूबसूरत भी उतनी ही जरूरी होती है, जितनी चेहरे की। इससे हमारे पैर हेल्दी रहते हैं। साथ ही, स्किन से जुड़ी प्रॉब्लम कम होती है। इसके ऐसे कई सारे फायदे हैं, जिसे जानकर आ भी पेडिक्योर करवाना शुरू कर देंगे।

**पेडिक्योर से सही होती है डैमेज स्किन:** अगर आपकी स्किन ज्यादा डेड नजर आ रही है। इसकी वजह से आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो ऐसे में आप पेडिक्योर कराएं। इसे करवाने से आपके पैरों की डेड स्किन प्रॉब्लम कम हो जाएगी। साथ ही, अगर आपकी एडियां फट रही हैं या क्रेक आ रहे हैं, तो वो धीरे-धीरे कम हो जाएंगे। इसलिए भी आपको इसके जरूर करवाना चाहिए। इसके लिए आप फिश या नॉर्मल पेडिक्योर करा सकती हैं।

**पेडिक्योर से साफ हो जाते हैं नाखून:** अगर आपको लगता है कि आपके पैरों के नाखूनों के पास गंदगी ज्यादा हो गई है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप पेडिक्योर करवाएं। इसे करवाने से आपके पैर साफ हो जाएंगे। साथ ही आपके नाखूनों पर जमा एक्स्ट्रा मैल भी साफ हो जाएगा। साथ ही, उनकी लाइफ भी बढ़ जाएगी। सफाई करवाने से वो जल्दी नहीं टूटेंगे। इसके बाद आप इसमें नेल आर्ट करा सकती हैं।




### इन चीजों के लिए भी करवाते हैं पेडिक्योर

कई सारे लोग होते हैं, जो पेडीक्योर पैरों की थकान को कम करने के लिए भी करवाते हैं। पैरों को सॉफ्ट बनाने के लिए भी पेडिक्योर कराया जाता है। पैर सुंदर नजर आएं साथ ही, लड़कियां शॉर्ट ड्रेस पहनें, तो पैर अजीब न लगे इसलिए भी पेडिक्योर कराया जाता है।
पेडिक्योर करवाने से स्किन इवन नजर आती है।
पेडिक्योर कई सारे लोग घर पर भी करना पसंद करते हैं। वहीं कई लोग पार्लर जाकर पेडिक्योर करवाते हैं। लेकिन अगर आप घर पर कर रही हैं, तो इसमें इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट का पैच टेस्ट जरूर करें। अगर पैरों में को फंगल इंफेक्शन है, तो इसके लिए डॉक्टर की सलाह लें।

## फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट हैं आजकल चलन में, खरीदने से पहले देखें अभिनेत्रियों के लुक्स





फैशन

गर्मी के मौसम में ज्यादातर लोग अपने लुक को लेकर काफी चिंतित रहते हैं, क्योंकि ये ऐसा मौसम होता है, जिसमें अगर सही कपड़ों का चुनाव न किया जाए तो आपके कपड़े ही आपको परेशान कर सकते हैं। जिस तरह से हम सर्दी के मौसम में कुछ भी पहनकर अपना जलवा बिखेरते रहते हैं, वैसा गर्मी के मौसम में चाहकर भी नहीं कर सकते। गर्मी के मौसम में ऐसे कपड़ों को पहनना सही माना जाता है जो आरामदायक हो। इस मौसम में कपड़ों के फैब्रिक से लेकर उसके प्रिंट तक का खास ध्यान रखा जाता है। ऐसे में अगर आप गर्मी के लिए खरीदारी करने का प्लान कर रही हैं तो अपने कलेक्शन में फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट को शामिल जरूर करें। फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट ज्यादातर हल्के रंग से ही बने होते हैं, जो इस मौसम के लिए परफेक्ट रहते हैं। इन्हें खरीदने के लिए आपको ज्यादा रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि ये ज्यादा महंगे नहीं आते।



### साड़ी

साड़ी तो हर महिला का पसंदीदा परिधान होती है। ऐसे में आप चाहें तो अपने लिए ऐसी फ्लोरल प्रिंट की साड़ी खरीदें। अगर फ्लोरल प्रिंट की साड़ी शिफॉन प्रिंट में है तो ये आपको काफी आराम पहुंचाएगी। शिफॉन का साड़ी काफी हल्की होती है। ऐसे में आप आराम से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### अनारकली सूट

अगर गर्मी के मौसम में कहीं कोई पार्टी अटैंड करनी है तो बिना देर किए इस तरह का फ्लोरल प्रिंट का अनारकली सूट अपने लिए तैयार कराएं। इस तरह का अनारकली सूट गर्मी में आपको अलग और खूबसूरत दिखने में मदद करेगा।

### मैक्सी ड्रेस

बहुत सी लड़कियों को मैक्सी ड्रेस पहनना पसंद होता है। ऐसे में आप कियारा आडवाणी की जैसी खूबसूरत मैक्सी ड्रेस अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। ये आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगी।

## हरे रंग की चूड़ियों के साथ कंगन सेट बढ़ाएंगे आपके हाथों की शोभा

किसी भी मौके पर सजने-सवरने के लिए हम कई चीजों की मदद लेते हैं। वहीं तीज-त्योहार के मौके पर हम सभी खूबसूरत दिखना चाहते हैं। खास मौके पर ट्रेडिशनल लुक में जान डालने के लिए चूड़ियां हम सभी पहनते हैं। इसमें ज्यादातर हरे रंग की चूड़ियों को पहनना पसंद किया जाता है। तो आइये देखते हैं हरे रंग की चूड़ियों के साथ कंगन के कुछ नए डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन चूड़ियों और कंगन के सेट बनाने के आसान टिप्स-

**फैंसी कंगन के साथ हरी चूड़ियां:** आजकल कई तरह के डिजाइन में आपको कंगन के सेट देखने को मिल जाएंगे। इसमें आजकल लटकन वाले मीनाकारी डिजाइन के हैवी कंगन को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इस तरह के कंगन आप चूड़ियों के बीच में सिंगल-सिंगल भी पहन सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह के कंगन में लटकन खुद कस्टमाइज करके भी लगवा सकती हैं।

**गोल्डन कंगन के साथ हरी चूड़ियां:** गोल्डन कलर देखने में सबसे रॉयल लुक देने में मदद करता है। इसमें आप प्लेन चूड़ियों से लेकर अलग-अलग डिजाइन के कुंदन वर्क के कंगन को साथ में जोड़कर चूड़ियों का सेट बना सकती हैं। देखने में इस तरह के कंगन सेट आपके हाथों को काफी हैवी लुक देने में मदद करेगा। खासकर भारी हाथों पर इस तरह के चूड़ी सेट बेस्ट नजर आते हैं।



**लाल कंगन के साथ हरी चूड़ियां:** लाल और हरे रंग के कालो कॉम्बिनेशन को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इसमें आपको मिरर वर्क से लेकर कुंदन डिजाइन तक में काफी तरह के अलग-अलग डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे। इसमें आप चौड़े डिजाइन के लाल कंगन के साथ में कई साड़ी हरी चूड़ियां मिलाकर सेट बना सकती हैं।

## ऑयली स्किन के लिए बेस्ट रहेगा बेसन से किया फेशियल, जानें तरीका

खूबसूरत हम सभी दिखना चाहते हैं। इसके लिए हमें स्किन का भी समय-समय पर जरूरत अनुसार ख्याल रखना जरूरी होता है। ऐसे ही रोजाना स्किन केयर रूटीन के अलावा भी त्वचा को देखभाल की जरूरत होती है। इसके लिए आप चेहरे की मसल्स को रिलैक्स करने और अंदरूनी निखार को बाहर लाने के लिए फेशियल कर सकती हैं। गर्मी के मौसम में अक्सर त्वचा ऑयली हो जाती है। ऐसे में आप बाहरी प्रोडक्ट्स की जगह घर पर मौजूद चीजों से फेशियल कर सकती हैं। तो आइये जानते हैं ऑयली स्किन के लिए किस तरह से और किन चीजों की मदद से किया जा सकता है फेशियल।




**स्टेप 3:** आखिर में चेहरे पर फेस पैक लगाना बेहद जरूरी होता है।यह फेस स्क्रब के कारण चेहरे के खुले हुए पोर्स को बंद करने में मदद करेगा। इसके लिए एक बाउल में गुलाब जल, बेसन और एलोवेरा जेल की मिला लें। इन तीनों को मिक्स करने के बाद चेहरे पर लगा लें। लगभग 15 मिनट लगा रहने के बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें। अब आप अपना नार्मल स्किन केयर रूटीन को फॉलो करें।

**स्टेप 1:** सबसे पहले चेहरे को साफ पानी से धो लें। इसके बाद आप एक बाउल में 2 से 3 चम्मच बेसन के साथ में गुलाब जल और कच्चे दूध को मिला लें।इन दोनों को आपस में मिक्स करने के बाद में आप चेहरे पर हल्के हाथों के दबाव से मसाज करते हुए इसे लगायें।यह चेहरे की त्वचा पर क्लींजर की तरह से काम करेगा। अब चेहरे को साफ पानी से धो लें।

**स्टेप 2:** इसके बाद आप एक खीरे को पीसकर बाउल में डालें। इसमें 1 से 2 चम्मच शहद की मिला लें। इन दोनों को मिक्स करके चेहरे पर 5 मिनट तक मसाज करें। चेहरे पर मसाज करने से यह एक फेस स्क्रब की तरह पोर्स को डीप क्लीन करने में मदद करेगा। इसके बाद चेहरे को साफ पानी की मदद से साफ कर लें।

कार्नर न्यूज

## गर्मियों में पिकनिक के लिए होनी चाहिए खास ड्रेस

# पिकनिक पर दिखना है कूल तो इस तरह से हों तैयार, लुक दिखेगा खास

क्या आप पिकनिक पर जाने की योजना बना रही हैं, लेकिन गर्मी भी बहुत है। ऐसे में स्टाइलिश दिखने के साथ ही कूल कैसे दिखा जाए? गर्मियों की छुट्टियों में हर कोई कहीं न कहीं घूमने या पिकनिक पर जरूर जाता है। यह हमें हमारे व्यस्त जीवन से थोड़ा-सा वक्त चुरा लेने का भी समय होता है। ये हमें हमारे आपसी संबंधों को बेहतर बनाने और रिलेक्स करने का भी मौका देता है लेकिन इस गर्मी के मौसम में ऐसा क्या पहना जाए, जो स्टाइलिश भी हो और कंफर्टेबल भी! हर लड़की के मन में बस यही सवाल आता है। अगर कुछ स्लीवलेस पहना तो टैनिंग हो जाएगी और अगर फुल स्लीव पहना तो गर्मी से हालत खराब हो जाएगी। वहीं स्टाइलिश दिखना भी जरूरी है। ऐसे में क्या पहना जाए?



**टी-शर्ट और ट्राउजर:** पिकनिक के लिए टी-शर्ट और ट्राउजर सबसे अच्छा विकल्प होते हैं। इस कॉम्बिनेशन में आपको आरामदायक महसूस होता है और आप स्टाइलिश भी दिखती हैं। एक कूल और कंफर्ट लुक के लिए आप क्रॉप टॉप के साथ सॉफ्ट लिनन पैंट भी पहनें। आप अपने बॉडी टाइप के अनुसार ट्राउजर्स के टाइप चुनें, जैसे कि पैंसिल, ऐंकल लेंथ, प्लाजो ट्राउजर आदि। इनको आप कई रंगों और प्रिंट में खरीद सकती हैं। इस पर आप प्लेन या प्रिंटेड टी-शर्ट पहनें।

गर्मी में फैशन के साथ-साथ आरामदायक कपड़ों का चुनाव करना भी जरूरी है। इस समय हल्के और सूती कपड़े पहनें। लिनेन, रेयॉन, खादी जैसे फैब्रिक इस मौसम में सही रहते हैं। इनमें नमी को सोखने की क्षमता होती है। आप हल्के रंगों के कपड़ों का चुनाव करें, जैसे कि सफेद, पेस्टल शेड्स, बेज, हल्का नीला आदि। ये रंग आकर्षक भी दिखते हैं और आपको गर्मी से भी बचाते हैं। आप चाहें तो हल्के फैब्रिक की ड्रेस, जंप सूट या लॉन्ग श्रग भी पहन सकती हैं। ये आपको स्टाइल के साथ ताजगी का अहसास भी कराएंगी। इस समय आपको पॉली या पॉली मिक्स कपड़े पहनने से बचना चाहिए।

-सरिता रावत सिंह, फैशन डिजाइनर



### स्मोक ड्रेस

यह ड्रेस पिकनिक पर पहनने लिए एकदम बेस्ट है। यह ड्रेस ढीली-ढाली और आरामदायक होती है। इसे पहनकर आप आसानी से घूम-फिर सकती हैं। आप चाहें तो टैनिंग से बचने के लिए फुल स्लीव ड्रेस भी पहन सकती हैं। साथ ही आप यह ड्रेस अपनी पसंद के रंगों और डिजाइन पैटर्न में भी खरीद सकती हैं। आप इस ड्रेस को सैंडल या स्नीकर के साथ स्टाइल करें।

### फ्लोरल रोम्पर ड्रेस

आप अपने दोस्तों, बच्चों या पति के साथ पिकनिक पर जाने की सोच रही हैं तो फ्लोरल रोम्पर ड्रेस पहन सकती हैं। यह ड्रेस इस मौके के लिए एक सही चुनाव साबित होगी। आप अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए मैटेलिक स्नीकर्स और सनग्लासेस भी पहन सकती हैं।